

हस्तपुस्तिका

# समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता

कमल कार

रॉबर्ट चैम्बर्स के साथ

IDS Institute of Development Studies

Plan

**प्लान यूके** एक बाल केन्द्रित सामुदायिक विकास संगठन है जिसका किसी धार्मिक या राजनीतिक विचारधारा अथवा संगठन से कोई सम्बन्ध नहीं है. हम बच्चों के सुखमय भविष्य के लिये पूरी तरह समर्पित हैं. हम बच्चों, उनके परिवारों, समुदायों, नागर समाज, सरकारों के साथ सहयोग करके उनके हित के लिये काम करते हैं. हम रचनात्मक सम्बन्ध स्थापित करते हैं और बच्चों को सक्षम बनाते हैं कि उनकी आवाज सुनी जा सके और उन पर प्रभाव डालने वाले मुद्दों के विषय में उनकी आवाज को महत्व मिल सके.




प्रथम विश्व [illegible] दिवस पर [illegible] में स्कूलों में शौच मुक्त होने का उत्सव छायांकन: [illegible], प्लान केन्या

[illegible], [illegible] में स्कूलों में शौच के [illegible] का मानचित्रीकरण करते हुए बच्चे छायांकन: [illegible], प्लान केन्या

[illegible] की स्कूलों में शौच के [illegible] में स्थानीय [illegible] के उपलब्ध [illegible] निर्मित [illegible] का [illegible] को दिखाया गया

हस्तपुस्तिका

# समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता




कमल कार

रॉबर्ट चैम्बर्स के साथ



प्लान इन्टरनेशनल (यूके) की सहायता से
तैयार किया गया, मार्च 2008


Plan

Be a part of it

# आभार

इस हस्तपुस्तिका को लिखने और तैयार करने के लिये प्लान इन्टरनेशनल (यूके) से सहयोग प्राप्त हुआ. इसे तैयार करने की पूरी अवधि के दौरान रोज़र येट्स द्वारा दिये गये प्रोत्साहन तथा दर्शाये गये धीरज और उदारता के लिये हम कृतज्ञतापूर्वक आभारी हैं. उनके साथ ही समीर शाह, एलेक्स बेट्टी द्वारा कार के चरणों में दिये गये सहयोग के लिये आभार व्यक्त करते हैं. हम जूडिथ रौबर्टसन को धन्यवाद करते हैं जिनके द्वारा इस हस्तपुस्तिका को रूप सज्जा और अभिन्यास को अंतिम रूप देने में सहायता की गई. पैट्रु कोलार्ड भी धन्यवाद के पात्र हैं जिन्होंने हस्तपुस्तिका की पाण्डुलिपि तैयार करने में सहयोग दिया. पीटर फीलडमैन द्वारा बहुत ही अनुशंसक सुझाव दिये गये और टिप्पणियां की गईं जिनके कारण हस्तपुस्तिका में और सुधार किया जा सका. हस्तपुस्तिका में उदाहरणों के रूप में प्रस्तुत बहुत से वास्तविक दृष्टान्त और घटनाओं के विवरण उन लोगों के द्वारा उपलब्ध कराये गये जिनके नाम विवरणों के साथ ही अंकित किये गये हैं. यहां हम समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता के उन चैम्पियनों के प्रति भी धन्यवाद व्यक्त करना चाहेंगे जिनके ऊपर न तो किसी ने कोई गीत लिखे और न किसी ने गाकर उनका गुणगान ही किया. कई देशों के अनेकों साथी, सहयोगी, सुगमकर्ता, समुदाय, स्वाभाविक नेता, गैर-सरकारी संगठनों के सदस्य और कार्मिक, अनुदान दाता, वरिष्ठ कार्मिक, लोगों के चुने गये प्रतिनिधि, और अन्य भी धन्यवाद के पात्र हैं. उनकी संख्या इतनी अधिक है कि सबके नामों का उल्लेख नहीं किया जा सकता और उनमें से कुछ के नाम का उल्लेख करना तथा अन्य को छोड़ देना उचित नहीं होगा. वे सब अपने योगदान को जानते हैं इसलिये हमें आशा है वह हमारी इस बात को भी समझ जायेंगे और स्वीकार कर लेंगे. डी.एफ.आई.डी. सहायतित इंस्टिट्यूट ऑफ डेवलपमेन्ट स्टडीज के शोध कार्य "गोइंग टू स्केल विद कम्युनिटी-लेड टोटल सैनिटेशन" द्वारा प्रदान किये गये अवसरों के बिना कुछ अनुभव और सामग्री उपलब्ध हो नहीं हो पाती.

दिसम्बर 1999 से लगातार समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता के साथ जुड़े रहने से प्राप्त अनुभवों के आधार पर ही इस हस्तपुस्तिका का विकास किया गया है. यह अनुभव एशिया के बांग्लादेश, भारत, कम्बोडिया, इण्डोनेशिया, मंगोलिया, नेपाल, चीन, पाकिस्तान, अफ्रीका के यूगाण्डा, जाम्बिया, इथियोपिया, तन्ज़ानिया, केन्या, और सियरा लियोन, दक्षिण अमेरिका के बोलीविया, मिडिल ईस्ट के यमन तथा अन्य देशों में प्राप्त हुए. जिन विधियों का यहां वर्णन किया गया है समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता के लिये केवल यही विधियां कारगर नहीं हैं. उपयोगकर्ताओं को हर स्थिति में अपने विवेक का प्रयोग करने के लिये तथा स्थानीय स्थितियों के परिवेश में उपयुक्त अभिनव पहल करने के लिये प्रोत्साहित किया जाता है जिससे समुदाय की सहभागिता प्राप्त की जा सके तथा बढ़ाई जा सके और समुदायों का सशक्तिकरण इस प्रकार हो सके कि सम्पूर्ण स्वच्छता प्राप्त करें और इसके आगे की यात्रा भी समुदाय एकजुट होकर पूरी कर सकें.

कमल कार
मार्च 2009

सभी छायाचित्र: डॉ कमल कार (उन छायाचित्रों को छोड़कर जिनके चित्रांकनकर्ताओं के नाम साथ में अंकित हैं)

**CLTS हस्तपुस्तिका मुद्रित हुई है WSSCC, Geneva' के आर्थिक सहयोग से एवं हिन्दी अनुवाद संपन्न हुआ है IDS, Sussex- के आर्थिक सहयोग से - नवम्बर, 2009**

हिन्दी रूपान्तर एवं अभिन्यास — एस.एस.उप्पल
सम्पादन हिन्दी संस्करण — के.पी. शुक्ला
[illegible] प्राइवेट लिमिटेड



# अनुक्रमणिका

2. आभार
3. अनुक्रमणिका
4. परिभाषाएं
5. संक्षेपाक्षर

6. अध्याय 1 - परिचय और पृष्ठभूमि
7. समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता की उत्पत्ति, प्रसार और विस्तार
8. यह हस्तपुस्तिका क्यों?
9. समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता
12. चरणों का अनुक्रम

14. अध्याय 2 - ट्रिगरिंग से पहले
15. समुदाय का चयन
16. अधिक अनुकूल
17. अधिक चुनौतीपूर्ण
18. स्थितियाँ जो अनुकूल या चुनौतीपूर्ण हो सकती हैं
19. स्थिति मूल्यांकन से पहले परिचय और घनिष्ठता विकसित करना

22. अध्याय 3 - ट्रिगरिंग
23. समुदाय द्वारा मूल्यांकन और विश्लेषण को सुगम बनाना
24. समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता की चिंगारी जगाने के लिये पृष्ठभूमि
29. खुले में शौच के स्थानों का अनुप्रस्थ भ्रमण
31. खुले में शौच के स्थानों का मानचित्रीकरण
34. सबसे गंदी जगहों की पहचान
35. उत्पादित मल की मात्रा तथा चिकित्सा पर व्यय का आकलन
36. मुख कैसे दूषित हो जाते: मल जनित संदूषण के मार्ग
37. प्रज्वलन क्षण
40. विभिन्न प्रतिक्रियाओं के सापेक्ष रणनीति
40. सुझाव
40. पेट्रोल पम्प में दियासलाई
41. आशाजनक लौ
41. बिखरी हुई चिंगारियां
42. भीगी दियासलाई
43. समुदाय की कार्ययोजना को सुगम बनाना
44. अनुसरण के लिये समुदायिक मानचित्रीकरण
44. स्कूलों में ट्रिगरिंग

46. अध्याय 4 - ट्रिगरिंग के बाद पश्चवर्तिता
48. तुरन्त बाद की अनुवर्ती गतिविधियाँ और प्रोत्साहन
48. समुदाय के कार्य और अनुवर्ती गतिविधि
51. सहभागी अनुश्रवण और संकेतक
51. प्रक्रिया और प्रगति का अनुश्रवण
52. संभावित स्वाभाविक नेता
52. महिला स्वाभाविक नेता
52. बच्चों और धार्मिक नेताओं की भूमिका को प्रोत्साहन तथा सम्मान
53. समुदाय के निर्धन लोगों को सहायता देने के लिये प्रोत्साहन
54. बच्चों को अभियान से जोड़िये
57. स्वच्छता निर्माण सामग्री की उपलब्धता
59. खुले में शौच से मुक्त स्तर का सत्यापन और प्रमाणीकरण
60. खुले में शौच से मुक्त होने पर उत्सव मनाइये
61. खुले में शौच से मुक्त स्तर का अनुश्रवण एवं बनाये रखना

64. अध्याय 5 - प्रसार एवं समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता से आगे
66. प्रशिक्षण और प्रसार के लिये क्या करें और क्या न करें
66. अधिकारियों के कार्मिकों तथा प्रभावी व्यक्तियों के द्वारा स्वाभाविक कार्य
67. गांव के स्तर पर ट्रिगरिंग के लिये सुगमकर्ता दलों का प्रशिक्षण
71. समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता के प्रशिक्षण की गुणवत्ता के लिये प्रतिबद्धता
71. अभियान
72. चर्चा और प्रतियोगिता को प्रोत्साहन
73. शौचालय निर्माण सामग्री की आपूर्ति और उपलब्धता को बढ़ावा दीजिये
74. अनुदान से सीखना
74. समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता के पार
77. संस्थागत अभियान का बीजारोपण और सहयोग
83. परिशिष्ट
84. परिशिष्ट क - समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता की उत्पत्ति, पृष्ठभूमि, प्रसार और विस्तार
88. परिशिष्ट ख - प्रसार और विस्तार के संदर्भ में खुली चिट्ठी
90. परिशिष्ट ग - विशेष स्थितियों में ट्रिगरिंग
92. परिशिष्ट घ - घृणा पैदा करने के लिये प्रश्नों के नमूने
92. परिशिष्ट ङ - अनुवर्ती गतिविधियों की नमूने की जांच सूची
93. परिशिष्ट च - सफल आन्तरिक आर्थिक स्वच्छता की समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता से तुलना
94. परिशिष्ट छ - स्रोत और सम्पर्क सूत्र
95. विभिन्नता और स्थानीय स्तर पर विकसित मॉडल: समुदायों द्वारा अभिनव पहल के अन्तर्गत विकसित किये गये शौचालयों के मॉडल के फोटोग्राफ

## परिभाषाएं

**प्रमाणीकरण,** खुले में शौच से मुक्त स्तर प्राप्ति का आधिकारिक पुष्टिकरण और मान्यता है

**समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता.** यह खुले में शौच से मुक्त स्तर प्राप्त करने तथा उसे बनाये रखने के लिये विकसित की गई एकीकृत कार्यविधि और तरीके हैं. समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता के लिये आवश्यक है कि सुगमकर्ताओं द्वारा समुदाय को अपनी स्वच्छता की स्थिति को जानने, शौच करने से सम्बन्धित परिपाटियों, आदतों, तथा दुष्प्रभावों को जानने और उनका विश्लेषण करने के कार्य को सुगम बनाया जाये जिससे समुदाय एकजुट होकर कार्य करने के लिये उद्यत हो जाये और खुले में शौच से मुक्त स्तर को प्राप्त कर ले. जिन स्थितियों में बाहर से आये लोग समुदाय के सदस्यों को "सहायें" हैं उन्हें इस हस्तपुस्तिका के आलोक में समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता नहीं कहा जा सकता.

**समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता** की प्रक्रियाएं, पहले संचालित होती हैं और इन प्रक्रियाओं के बाद कई प्रकार के परिवर्तन आ सकते हैं - शौचालयों के डिजाइन में सुधार, व्यवहारगत स्वच्छता सम्बन्धी व्यवहार का अंगीकार किया जाना तथा इसमें सुधार, कूड़े करकट का प्रबन्धन, गन्दे जल की निकासी और निपटान, पीने के पानी के स्रोतों का संरक्षण और रखरखाव तथा पर्यावरण को बेहतर बनाये रखने के लिये उठाये जाने वाले अन्य कदम. कई मामलों में समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता के माध्यम से खुले में शौच से मुक्त हुए समुदायों के द्वारा एकजुट होकर कई स्थानीय विकास कार्यों का कार्यान्वयन करने के लिये सकारात्मक पहल की जाती है.

**शौचालय और प्रक्षालन**: शौचालय का अर्थ है मल के सीधे गड्ढे में जाने की व्यवस्था तथा प्रक्षालन का मतलब है पानी सील के साथ फ्लश करने की व्यवस्था. इस हस्तपुस्तिका में कभी-कभी शौचालय शब्द का प्रयोग इन दोनों के लिये किया गया है. प्रक्षालन शब्द का प्रयोग वहां किया गया है जहां सीधे गड्ढे वाली व्यवस्था के सापेक्ष पानी सील के प्रयोग की अधिक संभावना है.

**स्वाभाविक नेता** (अंग्रेजी में इन्हें चहुत नेता भी कहा जाता है) वह सक्रियतावादी और उत्साही लोग हैं जो कि समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता प्रक्रिया के दौरान उभर कर सामने आते हैं और नेतृत्व प्रदान करते हैं. पुरुष, महिला, युवा और बच्चे, इनमें से कोई भी स्वाभाविक नेता हो सकता है. कुछ स्वाभाविक नेता सामुदायिक परामर्शदाता बन जाते हैं, दौरा करते हैं तथा अपने समुदाय के द्वारा अन्य समुदायों को भी प्रोत्साहित करते हैं तथा सहयोग प्रदान करते हैं.

**खुले में शौच** का अर्थ है खुले में शौच करना और मल को उसी जगह उसी हालत में छोड़ देना. **खुले में शौच से मुक्त** का अर्थ है समुदाय के द्वारा खुले में शौच करने की आदत को पूरी तरह छोड़ देना और इस विभीषिका से पूरी तरह मुक्त हो जाना. इस स्तर को पा लेने का तात्पर्य है कि गांव में कहीं भी मल बिखरा हुआ पड़ा नहीं होगा और वातावरण इससे होने वाले संदूषण से मुक्त होगा. बिना ढक्कन वाले एक गड्ढे के शौचालय की व्यवस्था भी एक प्रकार से खुले में शौच का ही एक रूप है (खुले में शौच के लिये निश्चित स्थान), परन्तु यदि मक्खियों से बचाव करने वाला ढक्कन लगा दिया जाये (शौच के बाद राख डाल कर मल को ढकने की व्यवस्था के साथ या इसके बिना) तो यह खुले में शौच से मुक्त होने के लिये उपयुक्त माना जायेगा. गड्ढा खोदकर उसमें शौच करना तथा शौच के बाद मल को मिट्टी से ढक देना खुले में शौच की स्थिति से खुले में शौच से मुक्ति की स्थिति की ओर बढ़ता हुआ एक कदम माना जायेगा.

**सत्यापन** से तात्पर्य है निरीक्षण का जिससे यह पता लग सके कि क्या सम्बन्धित समुदाय के द्वारा खुले में शौच से मुक्त होने का स्तर प्राप्त कर लिया गया है (प्रमाणीकरण से तुलना करें)



शौचालय के लिये गड्ढा खोदना, होमा बे, केन्या, छायांकन: फिलिस ओडियांबो, प्लान केन्या



## संक्षेपाक्षर

| | |
|---|---|
| सीएलटीएस | कम्यूनिटी लेड टोटल सैनिटेशन |
| आइआरएसपी | इंटीग्रेटेड रूरल सपोर्ट प्रोग्राम, मरदान, पाकिस्तान |
| एनजीओ | नॉन-गवर्नमेंटल ऑर्गैनाइजेशन |
| एनईडब्ल्यूएच | नेपाल वाटर फॉर हैल्थ |
| एनएल | नेचुरल लीडर्स |
| एनडब्ल्यूएफपी | नॉर्थ वेस्ट फ्रंटियर प्रॉविन्स, पाकिस्तान |
| ओडी | ओपन डेफेकेशन |
| ओडीएफ | ओपन डेफेकेशन फ्री |
| पीआरए | पार्टिसिपेटरी रूरल एप्रेजल |
| आरईएसए | प्लान इण्टरनेशनल का रीजनल ईस्टर्न एण्ड सदर्न अफ्रीका ऑफिस |
| आरटीआई | रिफ्यूजी ट्रस्ट इण्टरनेशनल, इथियोपिया में कार्यरत |
| | आधारित नॉन-गवर्नमेंटल ऑर्गैनाइजेशन |
| एसईयू | सोशियल डेवलपमेंट यूनिट |
| एसएफडी | सोशियल फण्ड फॉर डेवलपमेंट, यमन |
| एसएनएनपीआर | सदर्न नेशन्स नेशनेलिटीज एण्ड पीपुल्स रीजन, इथियोपिया |
| सीडटीई | ट्रेनिंग हाउसहोल्ड एबिलिटीज टु रिस्पॉन्ड टु डेवलपमेंट अपार्च्युनिटीज |
| यूनिसेफ | यूनाइटेड नेशन्स चिल्ड्रन्स फण्ड |
| वीईआरसी | विलेज एजुकेशन रिसोर्स सेंटर, बांग्लादेश |
| डब्ल्यूएसएससीसी | वाटर एण्ड सैनिटेशन फॉर ऑल कलैबरेटिव कम्यूनिटीज |
| डब्ल्यूएसपी-ईएपी | वाटर एण्ड सैनिटेशन प्रोग्राम - ईस्ट एशिया एण्ड पैसिफिक |
| डब्ल्यूएसपी-एसए | वाटर एण्ड सैनिटेशन प्रोग्राम - साउथ एशिया |



## अध्याय 1

# परिचय एवं पृष्ठभूमि

### समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता की अवधारणा उत्पत्ति, प्रसार एवं विस्तार

कमल कार द्वारा बांग्लादेश के वाटर एड एवं उसकी सहयोगी स्थानीय संस्था वी.ई.आर.सी. (विलेज एजुकेशन रिसोर्स सेन्टर एक स्थानीय गैर-सरकारी संगठन है) के द्वारा चलाये जा रहे पारम्परिक जल एवं स्वच्छता कार्यक्रम का मूल्यांकन किया गया तथा बाद में उनके द्वारा 1999 के अन्त में तथा वर्ष 2000 में बांग्लादेश में स्वच्छता के क्षेत्र में बहुत काम किया गया. इन गतिविधियों से उनके विचारों एवं अनुभव के आधार पर समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता की अवधारणा का विकास हुआ. समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता की अवधारणा के अन्तर्गत सहभागी ग्रामीण अध्ययन (पीआरए) विधि का उपयोग होने से स्थानीय समुदाय स्वयं अपनी स्वच्छता की स्थिति का विश्लेषण करने तथा खुले में शौच के सार्वजनिक स्वास्थ्य पर तथा आस-पास के पूरे पर्यावरण पर पड़ने वाले भयानक दुष्परिणामों को स्पष्ट रूप से समझ जाता है. (विस्तृत विवेचन के लिये परिशिष्ट क पृष्ठ 84 देखें). जब इस विधि का प्रयोग कुशलतापूर्वक ढंग से किया जाता है तथा सुगमकर्ता द्वारा शौचालय निर्माण की सामग्री पर मिलने वाली आर्थिक सहायता नीति तथा शौचालय निर्माण की विधियों के निर्धारण की बातों को बीच में नहीं लाया जाता है तो समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता विधि के द्वारा समुदाय में इस प्रकार की अन्तःप्रेरणा की चिंगारी जगाई जा सकती है कि वे सब मिल कर समस्या के निदान के लिये तुरत खुले में शौच से पूर्ण तरह मुक्त होने के लिये कार्य करने को उद्यत हो जायें. सुगमकर्ताओं की कार्यनीति की एक नई शैली विकसित हुई है. अपने आदर्श रूप में इसके अन्तर्गत इस बात पर बल दिया जाता है कि "मानव मल" के लिये स्थानीय भाषा में प्रचलित अपरिष्कृत शब्द का ही प्रयोग किया जाये तथा स्थानीय समुदाय को उनकी आदतों के सबसे गन्दे और सबसे अधिक घृणास्पद स्वभाव का ध्यान कराने के लिये प्रोत्साहित किया जाये. जब वे अपनी शौच करने की आदत को इस प्रकार पुनः देखते तथा विश्लेषित करते हैं तो उन्हें गहरा आघात लगता है, घृणा और शर्म महसूस होती है. यह शैली उकसाती है, यह मनोविनोदपूर्ण भी है तथा इसमें सारे निर्णय समुदाय पर ही छोड़ दिये जाते हैं.

''कौन कहां शौच करता है?'' टोरोरो, युगाण्डा के समुदाय सदस्य खुले में शौच के स्थानों का मानचित्रीकरण करते हुए.
छायांकन: फिलिप ओटिएनो, प्लान केन्या

- इस प्रक्रिया के दौरान नये स्वाभाविक नेताओं की पहचान हो जाती है या विद्यमान नेताओं में नई प्रतिबद्धता जाग जाती है जिससे वे अपने ढंग से अपनी स्थिति को बदलने के लिये प्रयासरत हो जाते हैं न कि किसी निर्दिष्ट योजना का अनुसरण करके
- विविध प्रकार के कार्यों के तरीके तथा नये उपाय स्थानीय स्तर पर विकसित हो जाते हैं
- स्वयं सहायता और सहकारिता की पारम्परिक परिपाटी पुनर्जीवित हो जाती है और खुले में शौच से मुक्त होने का स्तर प्राप्त करने की प्रक्रिया में अमीरों और गरीबों के बीच में सामाजिक सहकारिता एवं एकता के नये उदाहरण उभर जाते हैं
- खुले में शौच को समाप्त करने तथा साफ और साफ सफाई की स्थिति प्राप्त करने के अभियान और स्थानीय कार्रवाई में पुरुष, महिला, किशोर और बच्चे सभी जुड़ जाते हैं
- समुदाय के द्वारा सभी की सहभागिता से चलाये जा रहे अभियान की ओर बहुधा स्थानीय नेता, चुने हुए जन प्रतिनिधि, स्थानीय सरकारी लोग एवं गैर-सरकारी संगठन आकर्षित हो जाते हैं तथा सहायता, समर्थन एवं सहयोग प्रदान करते हैं और विचारों के प्रसार हेतु प्रोत्साहन देते हैं
- खुले में शौच से मुक्त समुदाय स्वच्छता की सीढ़ी में और ऊपर चढ़ने लगते हैं तथा स्वच्छता सम्बन्धी सामग्री के स्थानीय व्यापारियों, विक्रेताओं, मिस्त्रियों से सम्पर्क साथ कर अपने शौचालयों के निर्माण तथा डिजाइन में सुधार करने लगते हैं
- बहुधा खुले में शौच से मुक्त समुदाय इस स्तर को प्राप्त करके चुप नहीं बैठ जाते, वे अब साथ मिल कर अपने समाज को बदलना सीख चुके हैं इसलिये वे अन्य लक्ष्यों को प्राप्त करने की ओर भी उद्यत हो जाते हैं जैसे, "गांव में कोई भूखा न रहे", "कोई बच्चा स्कूली शिक्षा से वंचित न रहे और सभी बच्चे स्कूल जायें", "सभी श्रमिकों को समान मजदूरी मिले और महिलाओं एवं पुरुषों के श्रम को असमानता घटे", इत्यादि.

1990 में जब सहभागी ग्रामीण अध्ययन विधियों का प्रसार हुआ तो लोगों के द्वारा इसकी शब्दावली का तो प्रयोग किया परन्तु विधि की मूल भावना और आत्मा को विस्मृत कर दिया गया. परन्तु हम यह आशा करते हैं कि इस हस्तपुस्तिका के द्वारा प्रशिक्षकों, कार्यान्वयन कर्ताओं, प्रबन्धकों और नीति-निर्माताओं को इस प्रकार प्रेरित किया जा सकेगा कि वे तैयारी, क्रियान्वयन एवं अनुवर्ती गतिविधियों के लिये उच्च स्तर सुविधिकरण कर सकेंगे साथ ही संख्यात्मक लक्ष्य निर्धारण विधि को हतोत्साहित किया जा सकेगा क्योंकि लक्ष्य निर्धारण विधि शौचालयों की संख्या की गिनती करने तथा संख्यात्मक लक्ष्य प्राप्त करने तक ही सीमित रह जाती है और इस बात पर बहुत ध्यान नहीं जाता कि कितने समुदायों के द्वारा खुले में शौच से पूर्ण मुक्ति प्राप्त कर ली गई है.

## दो अति महत्वपूर्ण पूर्वापेक्षाएं

### 1. सुगमकर्ताओं की अभिवृत्ति एवं व्यवहार

सभी अच्छे सुगमकर्ता नहीं हो सकते. समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता के अन्तर्गत सुगमकर्ता के रूप में अच्छा कार्य कर पाने के लिये एक उपयुक्त अभिवृत्ति या व्यवहार की आवश्यकता होती है. यह सीख कर विकसित किया जा सकता है परन्तु कुछ लोगों की अपेक्षा अन्य में यह अधिक स्वाभाविक रूप से और सहज ढंग से विकसित हो जाता है. यह कार्य पारम्परिक सहभागी ग्राम्य अध्ययन जैसी प्रक्रियाओं के संचालन विधि से भिन्न है.

| अभिवृत्ति और व्यवहार से जुड़े मुख्य बिन्दु | |
|---|---|
| क्या अवश्य करना चाहिये | क्या नहीं करना चाहिये |
| स्थानीय स्वच्छता की अपनी स्थिति का विश्लेषण एवं आकलन करने के लिये समुदाय के कार्य को सुगम बनायें | लोगों को शिक्षित करना, भाषण देना या उन्हें निर्देशित करना कि उन्हें क्या करना है |
| समुदाय को उन्हीं के द्वारा किये गये विश्लेषण के आधार पर स्थिति को समझने दें | लोगों को बताना कि क्या अच्छा है और क्या बुरा |
| प्रक्रिया को इस प्रकार सुगम बनाइये कि समुदाय के सदस्य स्वयं एकजुट होकर कार्रवाई करने के लिये तत्पर हो जायें | कार्रवाई के लिये विवश करना या दबाव डालना |
| अलग खड़े हो जाइये और इसके आगे जो कुछ होना है उसे स्थानीय नेताओं पर छोड़ दीजिये | प्रभारी बनने की चेष्टा करना |
| जब समुदाय के सदस्यों में अन्त:प्रेरणा जागने का समय आने वाला हो तो शांत बने रहिये और उन्हें आपस में बातचीत करने दीजिये | जब उत्तेजना से भरे समुदाय सदस्य खुले में शौच करने और अन्य स्वच्छता सम्बन्धी व्यवहार के लिये अपने लोगों को शर्मसार कर रहे हों तो उन्हें बीच में टोकना और रोकना |
| लोगों को खुले में शौच के पक्ष और विपक्ष में खुल कर तर्क बहस करने दीजिये और स्वयं तटस्थ बने रहिये. याद रखिये कि यह अन्त:प्रेरणा जागने की स्थिति के आगमन का सही लक्षण और संकेतक है | समुदाय के सदस्यों को आपस में तर्क-वितर्क करने या एक दूसरे को शर्मसार करने पर हतोत्साहित करना अथवा जल्दी ही यह निष्कर्ष निकाल लेना कि इस प्रकार की छींटाकशी नहीं होनी चाहिये क्योंकि यह सांस्कृतिक दृष्टिकोण से अस्वीकार्य है |
| आगे आकर पहल करने तथा प्रक्रिया में पूरे मनोयोग से संलग्न हो जाने वाले लोगों की सराहना कीजिये | उभर रहे स्वाभाविक नेताओं की नजरअन्दाज करना |
| महिलाओं तथा निर्धन वर्ग के सदस्यों को प्रक्रिया में सहभागिता करने के लिये सदा ही प्रोत्साहित कीजिये | महिलाओं, बच्चों और अन्य जो बहुधा उपेक्षित रह जाते हैं को नजरअन्दाज करना |
| गरीब सदस्यों की सहायता करने के लिये पहल करने वाले सदस्यों की खुली सराहना कीजिये | लोगों की सहायता के लिये आगे आने वाले लोगों को नजरअन्दाज करना |
| समुदाय के सदस्यों को सरलता से बन सकने वाले शौचालयों के अभिनव डिजाइन बनाने और प्रस्तुत करने का अवसर दीजिये | शौचालय के किसी मॉडल विशेष को समुदाय पर थोपना |
| स्थानीय स्तर पर कार्य योजना बनाने और कार्यान्वित करने तथा स्वयं सहायता को प्रोत्साहित कीजिये | शौचालय निर्माण के लिये अनुदान का प्रस्ताव करना |
| निर्भीक परन्तु सतर्क रहिये | बहुत नम्र रहना, बहुत नम्रता के साथ लोगों को मनाने का प्रयास करना |
| हर बात को बहुत ध्यान से सुनिये | लोगों को रोकना और टोकना |

व्यवहार और अभिवृत्ति बहुत ही महत्वपूर्ण हैं. समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता की प्रक्रिया को प्रारम्भ करने के लिये निर्भीकता, परानुभूति, मनोविनोद आदि के सम्मिश्रण की आवश्यकता होती है. इसके लिये आवश्यक है कि पढ़ाने या भाषण देने का प्रयास न किया जाये वरन् समुदाय को उनके पर्यावरण के कड़वे सच का सामना करने के लिये सक्षम बनाने के लिये अपना हाथ सुगमकर्ता द्वारा खींच लिया जाये.

### 2. संस्थाओं का संवेदनशील सहयोग

सभी संस्थाएं समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता को आगे बढ़ाने के लिये उपयुक्त नहीं होती हैं. यह आवश्यक है कि संस्थागत सहयोग लचीला हो तथा सदा उपलब्ध हो.

जहां हर निर्देश ऊपर से आता है और कितना अनुदान वितरित कर दिया गया इस पर ही ध्यान केन्द्रित होता है ऐसी संस्था के जुड़ने से समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता की मूल भावना के ही विलुप्त हो जाने की आशंका हो जाती है. यह भी ठीक है कि सामान्य स्वच्छता अभियान भी प्रभावी हो सकते हैं यदि वे समुदाय के सशक्तिकरण पर आधारित हों न कि निर्देशों के अनुसार: अनुदान तथा संख्यात्मक भौतिक लक्ष्यों की प्राप्ति पर. ये बड़े खतरे हैं बहुत पैसा क्योंकि समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता के लिये बहुत कम पैसे की आवश्यकता होती है और कर्मियों की त्वरित नियुक्तियां तथा उनका अपर्याप्त अभिमुखीकरण और प्रशिक्षण. इसके लिये एक प्रकार के अंकुश और अनुशासन की आवश्यकता होती है जो कई नौकरशाही व्यवस्थाओं में मुश्किल से मिलता है. (आगे पृष्ठ पर दी गई तालिका देखें, मूल अभिवृत्ति और व्यवहार).

### उठाये जाने वाले कदमों का अनुक्रम

उठाये जाने वाले कदमों का अनुक्रम निम्नवत् हो सकता है. साथ ही उन साधनों का भी उल्लेख किया गया है जिनका उपयोग गांव के स्तर पर लोगों को प्रेरित करने तथा अभिप्रेरणा की चिंगारी जगाने के लिये किया जा सकता है. इस कार्य को करने का यही एक मात्र तरीका नहीं है परन्तु इसमें कुछ आवश्यक अवयवों को अवश्य ही रेखांकित किया गया है. स्थानीय स्थिति के अनुसार आप इसमें परिवर्तन करने के लिये स्वतंत्र हैं परन्तु क्या करना चाहिये और क्या नहीं इसका अवश्य ही ध्यान रखें क्योंकि यह बहुत महत्वपूर्ण है.

### ट्रिगरिंग से पूर्व

समुदाय का चयन
परिचय तथा सहजीकरण

### ट्रिगरिंग


सहभागी विधि से गांव की स्वच्छता की स्थिति का विश्लेषण
अभिप्रेरणा की चिंगारी जगाने का क्षण

### ट्रिगरिंग के बाद

समुदाय के द्वारा कार्य योजना तैयार करना
अनुवर्ती भ्रमण तथा अन्य गतिविधियां

### प्रसार एवं समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता के आगे की यात्रा







# अध्याय 2
# ट्रिगरिंग से पहले

## समुदाय का चयन

### यह एक निर्णायक चरण है

समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता प्रक्रिया पर भिन्न-भिन्न समुदायों की प्रतिक्रिया अलग-अलग होती है. कुछ समुदाय तो परिवर्तन लाने के लिये तत्काल ही प्रेरित हो जाते हैं जबकि अन्य प्रारम्भ में तैयार नहीं होते या अनिर्णय की स्थिति में रहते हैं परन्तु जब उनके सामने आसपास के गांवों में आये परिवर्तन की जानकारी आती है तो उनमें भी परिवर्तन लाने के प्रति तत्परता जागने लगती है. मोटे तौर पर यह देखा गया है कि जिन गांवों में अधिक सफलता प्राप्त हुई है उनमें अधिक जोशीले नेताओं का नेतृत्व था. ऐसे नेता परम्परा की देन भी हो सकते हैं परन्तु बहुधा देखा गया है कि प्रक्रिया के दौरान नये स्वाभाविक नेता उभर कर सामने आते हैं. यह नेता किसी भी वर्ग के हो सकते हैं. गरीब, अमीर, महिला, पुरुष, युवा, समुदाय के सम्मानित सदस्य, जो कि अपने विशिष्ट कौशल से समुदाय को विभिन्न प्रकार से सेवाएं प्रदान करते हैं, जैसे दाई, धार्मिक नेता या शिक्षक आदि, इनमें से कोई भी इस प्रकार का स्वाभाविक नेता हो सकता है.

समुदाय में प्रेरणा की स्थिति को जगाने के लिये अच्छे नेतृत्व के अतिरिक्त स्थानीय सामाजिक, भौतिक एवं संस्थागत स्थितियों का अनुकूल होना भी आवश्यक होता है. अभियान संचालन के प्रति समुदायों की प्रतिक्रियाओं में बहुत अन्तर होता है (पृष्ठ 40-42 देखें). "पेट्रोल पम्प में माचिस" जैसी विस्फोटक स्थिति से लेकर "सोती हुई निष्क्रियता" की सी निराशाजनक स्थितियों तक. कहाँ शुरू करना चाहिये? इस प्रश्न का सही उत्तर ढूँढने के लिये कई लोगों एवं स्रोतों के द्वारा अनुकूल एवं चुनौतीपूर्ण स्थितियों की निम्नांकित सूची तैयार करने में महत्वपूर्ण योगदान किया गया है. उन जगहों में भी अभूतपूर्व सफलता प्राप्त हो सकती है जिनके विषय में पहले यह समझा गया हो कि वहां तो सफलता की कोई संभावना ही नहीं है. परन्तु यह उचित ही होगा कि आप पहले उन जगहों से शुरू करें जिनमें सफलता की संभावना अधिक हो. इस प्रकार सफलता के कुछ दृष्टान्त सामने आ जायेंगे, आपको अनुभव मिल जायेगा और आपका आत्मविश्वास बढ़ जायेगा. इसके बाद इन उदाहरणों एवं स्वाभाविक नेताओं की सहायता से अभियान को अधिक कठिन स्थानों तक फैलाने का प्रयास कीजिये. यह सूची स्थानों का चुनाव करने में आपके लिये सहायक हो सकती है परन्तु हमेशा की तरह यहाँ भी आप अपने विवेक से ही निर्णय कीजिये.

खुले में शौच से मुक्त समुदायों द्वारा प्रयोग किये गये तालाब
लोमबोक के आयालेन, लाबाकन, पश्चिमी इण्डोनेशिया



## अध्याय 3
# ट्रिगरिंग

कई देशों में सैकड़ों गांवों में समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता के अन्तर्गत समुदायों को सफलतापूर्वक प्रेरित करने के लिये ट्रिगरिंग की जा चुकी है. यह अच्छा होगा कि ऐसे गांवों में ट्रिगरिंग की पहल की जाये जहाँ स्वच्छता की स्थिति में सुधार लाने के लिये पहले कोई प्रयास नहीं किये गये हैं. इस प्रकार के अनछुए गांवों में अनुभवी सुगमकर्ताओं के द्वारा ट्रिगरिंग का काम अच्छे ढंग से सफलतापूर्वक किया जा सकता है.

### समुदाय द्वारा स्वच्छता स्थिति मूल्यांकन और विश्लेषण को सुगम बनाना समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता की चिंगारी जगाने के लिये आधार

जब समुदाय के द्वारा खुले में शौच की सच्चाई और इसके प्रतिकूल प्रभावों का प्रत्यक्ष सामना किया जाता है तो उनमें घृणा और शर्म के तीव्र भाव जागते हैं. यही ट्रिगरिंग का आधार है. आधारभूत सिद्धान्त यह है कि कोई भी लोग यह जानने के बाद कि खुले में शौच के कारण वे एक दूसरे का मल खा रहे हैं बिना विचलित हुए नहीं रह सकते. सुगमकर्ता का लक्ष्य है समुदाय की इस प्रकार सहायता करना कि वह स्वयं यह समझ सके कि खुले में शौच के कितने भयानक दुष्परिणाम होते हैं और एक दूषित वातावरण बनता है. इसके बाद यह समुदाय पर ही निर्भर है कि वह निर्णय करे कि इस समस्या से कैसे निपटना है और क्या कार्यवाही करनी है.

समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता पर संबंधित में आयोजित एक
व्यवहारिक प्रशिक्षण के दौरान मवान केन्या के विलिंग ओलियाने समुदाय
को पीने के पानी को पीने के लिये प्रस्तुत करने से पहले उसे मल से
संदूषित करते हुए.
छायांकन: सैमुअल मुसियामी, प्लान केन्या

## समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता की चिंगारी जगाने के लिये पृष्ठभूमि और कुछ मूल बातें

समाज के कुछ वर्ग ऐसे होंगे जो अपने ही विशेष कारणों से परिस्थिति को बदलना चाहेंगे. उदाहरण के लिये,

- शौचालय वाले परिवार जिन्हें जब यह स्पष्ट हो जाता है कि बिना शौचालय वाले अन्य लोगों की खुले में शौच की आदत से उन्हें भी संक्रमण का खतरा है
- भूमिहीन लोगों को बहुधा दूसरों की भूमि पर खुले में शौच करने का दोषी माना जाता है और उन्हें गाली दी जाती है
- खुले में शौच की प्रथा होने पर एकान्तता न मिलने से सबसे अधिक कष्ट महिलाओं एवं जवान बालिकाओं को उठाना पड़ता है. बहुधा पौ फटने से पहले या रात का अंधेरा हो जाने पर ही निपटने के लिये उन्हें बाध्य होना पड़ता है.
- धार्मिक नेताओं को स्पष्ट हो जाता है कि साफ कपड़े पहनने का कोई लाभ ही नहीं हो सकता यदि मानव मल पर बैठी मक्खियाँ उनके वस्त्र गंदे कर रही हों.

समुदाय के इन वर्गों की प्रबल भावनाएं पूरे गाँव को खुले में शौच से मुक्त करने के लिये एकजुट होकर उपयुक्त कार्यवाही करने हेतु महत्वपूर्ण उत्प्रेरक हो सकती हैं. इन लोगों को इकट्ठा करके एक प्रभावशाली समूह बनाया जा सकता है जो कि अन्य लोगों को भी व्यवहार में परिवर्तन लाने के लिये प्रोत्साहित कर सकता है.

**विशेष सुझाव**

सुगमकर्ता की अभिवृत्ति और कार्यविधि ही सफलता की कुंजी है. सुगमकर्ता में यह भी कुशलता होनी चाहिये कि वह समुदाय को स्पष्ट कर सके कि जो अभ्यास कराया जा रहा है उसका उद्देश्य यह नहीं है कि कोई बाहरी व्यक्ति खुले में शौच बन्द कराने का प्रयास कर रहा है वरन् यह है कि समुदाय के सदस्य स्वयं ही अपनी स्वच्छता की स्थिति का विश्लेषण करें और अपने आप उचित निर्णय लें. समुदाय के सदस्य खुले में शौच करते रहने और एक दूसरे के मल का सेवन करते रहने का निर्णय भी यदि लेते हैं, तो वह भी सुगमकर्ता को स्वीकार है. परन्तु यदि समुदाय के सदस्य सहमत हों तो उनके गाँव का नाम रिपोर्ट में दर्ज कर लिया जायेगा तथा जो नई सीख मिलती है उसे भी लिख लिया जायेगा.

नीचे दी गई विधियों के अलावा नई विधियों को विकसित करने और प्रयोग में लाने के लिये अपने को स्वतंत्र समझिये

यद्यपि प्रयोग की जाने वाली विधियों का अनुक्रम महत्वपूर्ण नहीं है परन्तु फिर भी गाँव के अनुप्रस्थ भ्रमण से शुरू करना बहुत उपयोगी सिद्ध होता है.







यमन और कोई सोशियल फण्ड फॉर डेवलपमेंट की महिला सुगमकर्ता यमन के इब्ब गवर्नरेट के गाँवों की महिलाओं के बीच समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता की ट्रिगरिंग करती हुईं

सारे यमन, अफगानिस्तान और अन्य मुस्लिम देशों में समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता की प्रत्येक ट्रिगरिंग टीम में महिला सुगमकर्ता का होना आवश्यक है. यदि अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया जाता है तथा ट्रिगरिंग की बैठक घरों में या उन स्थानों में आयोजित की जाती है जहाँ पुरुष उन्हें न देख सकें तो महिलाएं खुल कर बहुत सक्रिय रूप से प्रतिभाग करती हैं, अपने विचार व्यक्त करती हैं और खुले में शौच के विरुद्ध एकजुट होकर कार्यवाही करने की पहल भी करती हैं









बाएँ: डेरेडा, नेपाल के ग्रामीण समुदाय ने गरीब, मध्यम और अमीर परिवारों को दर्शाने के लिये रंगीन कार्डों का प्रयोग किया. ध्यान देने योग्य है कि गरीबों द्वारा बताये गये कार्ड गांव की बाहरी सीमा के पास ही ज्यादा संख्या में हैं. उनकी बातों इससे बताते लोग इस सुरक्षा नहीं शौच के लिये जाते हैं. पहले का गरीबों तथा निम्न जातियों के लोगों ने बताया कि उनके घरों के आसपास का इलाका इतना गन्दा रहता है. उन्होंने यह भी बताया कि उच्च जातियों के लोग उन क्षेत्रों में क्यों जाते हैं जहाँ लोग शुरू करते हैं. गरीबों ने समूहों को चेतावनी दी कि वे अपने निज से उनके आवासन के इलाकों में खुले में शौच करना बन्द कर दें या परिणाम के लिये तैयार रहें

बाएँ: समुदायजनों और इथियोपिया के अवाशा के पास के डेंबाडीरा गांव में कार्डों के द्वारा मानचित्रीकरण अभ्यास चलाने पर, इसके समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता की ट्रिगरिंग हो गई जिसका मुख्य रूप से नेतृत्व बच्चों ने किया और इस अभ्यास के दौरान बहुत ही व्यवहारिक मुद्दा स्वाभाविक रूप उभर कर सामने आये






बाएँ: समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता की अच्छी तरह शुरुआत करायी गई. ट्रिगरिंग प्रक्रिया में बहुत से लोग मानचित्रीकरण में एक साथ काम करते हैं और अपने घरों, खुले में शौच के स्थानों को इंगित करते हैं तथा सम्बन्धित परिवारों से उत्पादित मल का आकलन करते हैं. यमन के हज्जा गवर्नरेट में मानचित्रीकरण प्रगति पर

## खुले में शौच की जगहों का मानचित्रीकरण

समुदाय के सदस्यों से अनुरोध कीजिये कि वे जमीन पर गांव का एक सरल मानचित्र बनायें जिसमें घर, संसाधन, शौच की जगहें, जल स्रोत और समस्याओं को दर्शाया जाये जिससे परिचर्चा शुरू करने का आधार मिल सके. इस कार्य को उनके लिये यथासम्भव सुगम बनाने का प्रयास कीजिये. इस कार्य के लिये उनसे एक उपयुक्त खुले और बड़े स्थान को चुनने के लिये कहिये. मानचित्रीकरण की प्रक्रिया में सभी समुदाय सदस्यों का ध्यान लग जाता है और वे समुदाय की स्वच्छता की स्थिति का व्यावहारिक विश्लेषण करने में जुट जाते हैं.

मानचित्रीकरण करते समय गांव के सभी भागों के लोगों को बुलाया जाना चाहिये और उनसे कहना चाहिये कि वे जमीन पर बनाये जाने वाले मानचित्र में दर्शायें कि उनके घर कहां स्थित हैं. इसके लिये वे एक पर्ची का अथवा पत्थर के टुकड़े का उपयोग कर सकते हैं. साथ ही उन्हें यह भी दर्शाना है कि उनके पास अपना शौचालय है या नहीं. खुले में शौच के स्थानों को किसी रंगीन पाउडर से दर्शाया जा सकता है और उन्हें रेखाओं की सहायता से उन घरों के साथ जोड़ा जा सकता है जो कि उनका शौच के लिये उपयोग करते हैं. मानचित्र में कई चीजों को प्रमुखता के साथ दर्शाया जा सकता है. लोगों का ध्यान इस बात की ओर आकर्षित कीजिये कि कुछ लोगों को शौच के लिये कितनी दूर जाना



पड़ता है और दिन में किस समय जाना पड़ता है. क्या सुरक्षा से जुड़े कोई मुद्दे हैं? लोगों से कहिये कि वे यह दर्शायें कि किस प्रकार खुले में शौच के स्थानों से मल बह कर जलाशयों और अन्य जलस्रोतों तक पहुंच जाता है जिसके कारण जल स्रोत संदूषित हो जाते हैं.



ऊपर और बाएँ: इथियोपिया और तंजानिया में महिलाएं आवासस्थलीय स्थानों सहित शौच के स्थानों का मानचित्रीकरण करते हुए. तंजानिया, पेम्बा आदि के उपयोग के लिये विभिन्न रंग की पर्ची को भी प्रत्येक परिवार के नाम के कार्ड पर अंकित किया गया है

नीचे: समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता के सुगमकर्ताओं के द्वारा जब आवासस्थलीय शौच के स्थानों तथा मल के स्थानों से सम्बन्धित शौच के स्थानों के विषय में पूछा गया तो गांव का मानचित्र पहले दर्शायी गई सीमारेखा से बाहर जाने तक बढ़ा दिया गया. तंजानिया (मुफिंदी जिले) में इस प्रकार शौच से जुड़ी गतिविधियों की नई जगहें सामने आईं



पैसा उधार लेना पड़ा है? किससे और कहाँ? क्या उधार लेना और फिर उसको लौटाना आसान था? आपातकालीन इलाज के लिये कौन पैसा उधार देता है और ब्याज की दर क्या रहती है? गैर-सरकारी संगठन, [illegible]? उन्हें खुले में शौच बन्द करने और शौचालय बनाने के लिये कभी सुझाव मत दीजिये. आप वहां सुझाव देने और आदेश देने के लिये नहीं गये हैं.

## मल जनित संदूषण मार्ग और और घृणा जगाना

### खुले में बिखरे मल का मुँह तक पहुंचना

लोगों से पूछिये यह सारा मल कहां जाता है. जैसे लोग जब बताने लगें कि वर्षा के पानी के साथ बह जाता है या जमीन के अन्दर चला जाता है तो मल के ढेर का एक चित्र बनाकर जमीन पर रख दीजिये. इसके पास ही कार्ड और मार्कर रख दीजिये. लोगों से कहिये कि वे कार्ड उठायें और उनमें लिखें कि किन चीजों के माध्यम से और किन मार्गों से मल उनके घरों तक पहुंचता है. उदाहरण के लिये;

- मक्खियाँ
- वर्षा का जल
- हवा
- पालतू जानवरों के खुर
- मुर्गियां जो मल को खाती हैं और जिनके पैरों और पंखों पर मल लगा रहता है
- कुत्ते जो कि मल को खाते हैं और जिनके पंजों तथा शरीर पर मल लगा रहता है
- मल लगी रस्सियां (उदाहरण के लिये जानवरों को बांधने के लिये प्रयोग में लाई जाने वाली रस्सियां)
- साइकिल के टायर
- जूते
- बच्चों के खिलौने, फुटबॉल इत्यादि
- हवा द्वारा उड़ाई गई प्लास्टिक की वस्तुएं
- संदूषित जल

### इसके बाद पूछिये कि मल किस प्रकार मुंह तक पहुंच जाता है. उदाहरण के लिये

- हाथ, नाखून
- भोजन पर मंडराती मक्खियां
- फल और सब्जियां जो कि मल पर गिर पड़ी हों या उनके सम्पर्क में आई हों और जिन्हें ठीक से धोया नहीं गया हो (जैसा गाँव में होता है)
- संदूषित पानी से धोये गये बर्तन
- लोगों को चाटते हुए कुत्ते

आपको चाहिये आप किसी भी दशा में यह मार्ग समुदाय को न सुझायें. उन्हें स्वयं परिचर्चा करने, पहचान करने और लिखने-चित्र बनाने का अवसर दें.

### पानी का गिलास!

एक गिलास पीने का पानी मांगिये. जब पानी का गिलास आपके पास आ जाये तो उनसे पूछिये कि क्या कोई इस गिलास से पानी को पीने के लिये तैयार है. जब कोई हां कहे तो अन्य लोगों से यही सवाल कीजिये. इस प्रकार समुदाय के सभी लोग गिलास से पानी पीने को तैयार हो जायेंगे. तब अपने सिर से एक बाल तोड़िये और उनसे पूछिये कि क्या वे इसे देख सकते हैं और क्या वो जानते हैं कि यह क्या है. इसके बाद बाल को जमीन पर बिखरे मल पर इस प्रकार छुआइये कि सभी देख सकें. अब उस बाल को गिलास के पानी में डुबाइये और पूछिये कि क्या उन्हें पानी में कुछ दिखाई दे रहा है. इसके बाद पास खड़े व्यक्तियों को वह गिलास पकड़ा कर उस पानी को पीने के लिये कहिये. (पृष्ठ 22 भी देखिये). वे तुरन्त मना कर देंगे. अब लोगों से पूछिये कि क्या वे उस पानी को पी सकते हैं. कोई भी उस पानी को पीने के लिये तैयार नहीं होगा. उनसे पूछिये कि वे मना क्यों कर रहे हैं. उनका उत्तर होगा कि क्योंकि इसमें मल मिला है. इसके बाद पूछिये कि मक्खी की कितनी टांगें होती हैं. हो सकता है कि वह सही जवाब दे दें. यदि नहीं तो उन्हें बता दीजिये कि मक्खी की 6 टांगें होती हैं और वे बालदार आरी की तरह लगती होती हैं. पूछिये कि क्या मक्खी की टांग में उससे अधिक मल लग सकता है जितना आपके पानी में डुबाये बाल में लगा था. उत्तर होना चाहिये "हाँ". अब उनसे पूछिये कि जब मक्खियां उनके या उनके बच्चों के भोजन और थाली पर बैठती हैं तो क्या होता है. जहां खुले में शौच की परिपाटी है वहां मक्खियां अपने साथ क्या लाती हैं? अन्त में उनसे पूछिये कि वे अपने भोजन के साथ और क्या खा रहे हैं.



उत्तरी पाकिस्तान के नॉर्थ वेस्ट फ्रंटियर प्रोविंस के मर्दान के एक गांव में एक समुदाय के सदस्य खुले में शौच बन्द करने के लिये हाथ खड़ा करके पूर्ण सहमति देते हुए

नीचे "मल, रोटी और मक्खियाँ" प्रदर्शन, दोंदोरे, युगान्डा
छायांकन: फिलिप ओटियानो, प्लान केन्या





प्रज्वलन क्षण। फिरोज़ शाहीनोव, प्लान बोलीविया के एक सामुदायिक सुगमकर्ता, मल से संदूषित पानी का गिलास एक महिला को पीने के लिये प्रस्तुत करते हुए जो कि घृणा से अपना मुंह और नाक बन्द करती हुई दिखाई दे रही है. इस प्रज्वलन क्षण का अभिप्राय कि सभी व्यक्ति एक दूसरे के मल का सेवन कर रहे हैं प्रक्रिया की सफलता का आधार है. यह बहुत ही निर्णायक क्षण है जो कि ट्रिगरिंग प्रक्रिया को तेज कर देते हैं.

### जब कोई कहता है कि वे एक दूसरे का मल खा रहे हैं तो उसे सामने लाइये और सभी को यह बात बताने के लिये कहिये

सच्चाई यह है कि गांव में सभी एक दूसरे का मल खा रहे हैं. जब एक बार समुदाय के किसी सदस्य के द्वारा यह सार्वजनिक रूप से कह दिया जाये तो आप भी इसे बार-बार कह सकते हैं. उनके कहने से पहले ऐसा मत कहिये. यह उनके द्वारा किये गये विश्लेषण के आधार पर उन्हीं के द्वारा कही गई बात होनी चाहिये न कि वह जो कि आप उन्हें बताने गये हैं.

उनसे कहिये कि वे आकलन करें कि उनके द्वारा कितना मल प्रतिदिन खाया जा रहा है. उनसे पूछिये कि खुले में शौच के कारण एक दूसरे के मल को खाने के लिये बाध्य हैं तो उन्हें कैसा लग रहा है? इस समय कोई सुझाव मत दीजिये. उन्हें इस पर मनन करने दीजिये और इसकी याद उन्हें उस समय दिलाइये जब समुदाय द्वारा विश्लेषण की प्रक्रिया पूर्ण की जा रही हो.

### प्रज्वलन क्षण

प्रज्वलन क्षण के लिये बहुत सतर्क रहिये. यह वह समय है जब पूरे समुदाय को एक साथ समझ में आ जाता है कि खुले में शौच के कारण समुदाय का प्रत्येक सदस्य किसी दूसरे सदस्य के मल का सेवन कर रहा है और यह तब तक चलता रहेगा जब तक पूरा समुदाय खुले में शौच से मुक्त नहीं हो जाता. जब ऐसा हो जाये तो अन्य गतिविधियों को चलाते रहने की कोई आवश्यकता ही नहीं रह जाती है.

साधारणतया इस स्थिति तक पहुंचने पर लोगों में जोश बहुत बढ़ जाता है और जोरदार बहस शुरू हो जाती है कि किस प्रकार खुले में शौच को बन्द किया जाये. उन्हें न तो बीच में टोकिये और न कोई सुझाव ही दीजिये. चुपचाप उनकी बहस को ध्यान से सुनिये.

### स्कूलों में ट्रिगरिंग और छात्रों की गतिविधियां

भारत के हरियाणा राज्य के पानीपत ज़िला के स्कूलों में समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता कार्यक्रम की शुरुआत सितम्बर 2007 में हुई. छात्र जागरूक दलों का गठन किया गया. पहले चरण सफलता से पूर्वकालिक सुगमकर्ताओं के दलों द्वारा लगभग 125 स्कूलों में यह कार्यक्रम शुरू किया गया - ज़िले के कुल स्कूलों के आधे से अधिक स्कूलों में. छात्रों के द्वारा मानचित्रीकरण तथा अन्य गतिविधियों को सम्पन्न किया गया. जब वे अनुप्रम भ्रमण पर गये तो गांव के बच्चे उत्सुकतावश उनके पीछे हो लिये. कभी-कभी उत्पादित मल की मात्रा का आकलन खुले में शौच के स्थान पर ही खड़े रह कर किया गया जिसमें मल की ढेरियों को देखकर मल की मात्रा का अनुमान लगाया गया. घोर घृणा और शर्म से भरे छात्र सक्रियतावादी बन गये. जो बहुत ही जल्द से उन्हें संगठित करके स्वाभाविक नेताओं का समूह गठित कर लिया गया और सदस्यों को टोपियां, सीटियां और लिखित सामग्री दी गई. उन्हें सामाजिक और पर्यावरणीय उपयोगी कार्यों के लिये पुरस्कृत भी किया जाता है जिसके लिये उन्हें अंक मिलेंगे. शिक्षकों को भी सहयोग के लिये उनके साथ संलग्न कर लिया गया है.

एक 12 वर्षीय बालक अन्य छात्रों का नेतृत्व कर रहा था. इसका कार्य था खुले में शौच करते दिखाई देने वाले लोगों को देख कर ज़ोर-ज़ोर से सीटी बजाना. इस बालक पर शौच का आक्रमण हुआ परन्तु उसके अभिभावक भी उसे सीटी बजाने से रोक नहीं सके. उसने कहा, "मैं क्यों सीटी बजाना बन्द करूं. मैं कोई गलत काम नहीं कर रहा हूं." जब उस पर तीसरी बार आक्रमण हुआ तो गांव में एक विशेष बैठक बुलाई गई और निर्णय किया गया कि बहुत हुआ. खुले में शौच से मुक्त होने के लिये त्वरित कार्रवाई शुरू हो गई. एक रैली आयोजित की गई जिसमें सबसे अधिक सक्रिय छात्रों में से 300 छात्रों को आमंत्रित किया गया. लगभग 50 छात्रों ने भाग लिया. सहायक ज़िला आयुक्त के द्वारा सभी को उपहार स्वरूप घड़ियां भेंट की गईं.

सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान में संलग्न सरकारी परियोजना अधिकारी ने कहा, "यह आश्चर्यजनक है, छात्र इतने जोश से भरे हैं. वे तो महान स्वाभाविक नेता सिद्ध हो रहे हैं. मैंने तो कभी नहीं सोचा था कि छात्र इतने उत्साही होंगे. कभी-कभी हम सोचते हैं कि यह विचार पहले हमारे मन में क्यों नहीं आया."

स्रोत: राजेश कौशिक, ज़िला ग्राम्य विकास अभिकरण, पानीपत, हरियाणा, भारत

### अनुश्रवण के लिये सामुदायिक मानचित्रीकरण

जब ट्रिगरिंग के परिणामस्वरूप समुदाय प्रज्वलित क्षण में पहुँचे या आवश्यक ली की स्थिति में आ जाये तो वहां बड़े चार्ट पेपर, मार्कर पेन और टेप छोड़ दीजिये जिससे ज़मीन पर बनाये गये मानचित्र को कागज पर उतारा जा सके, नई गठित समिति के नाम लिखे जा सकें, खुले में शौच से मुक्त होने के लिये बनाई गई कार्ययोजना अंकित की जा सके, उन सभी लोगों के नाम लिखे जा सकें जिन्होंने तत्काल या अगले सप्ताह गड्ढे खोदने का निर्णय लिया है. समुदाय के सदस्यों को ज़मीन पर बनाये गये मानचित्र को कागज पर उतारने के लिये उत्साहित कीजिये. यह बड़े कागजों में बनेगा और उन्हें टेप से जोड़ा जायेगा जिससे सभी उसे साफ-साफ देख सकें. मानचित्र को सार्वजनिक स्थान पर लगाया जाये और इस प्रकार सुरक्षित किया जाये कि वर्षा आदि से यह खराब न होने पाये. इसमें प्रत्येक परिवार की स्वच्छता की स्थिति को दर्शाया जायेगा या अद्यतन किया जायेगा जिससे प्रगति का पता चलता रहे.

### स्कूलों में ट्रिगरिंग

स्कूलों में ट्रिगरिंग का अनुभव भारत और ज़ाम्बिया में प्राप्त हुआ है. हो सकता है अन्य स्थानों पर भी ऐसे ही प्रयास किये गये हों. सभी विधियों का प्रयोग किया जा सकता है. स्कूली बच्चे बहुत जल्दी नई बातें सीखते हैं और बहुधा सामाजिक परिवर्तन के सक्रिय माध्यम या अभिकर्ता भी बन जाते हैं. आवश्यकता के प्रसार के प्रारम्भिक चरण में ही स्कूलों में ट्रिगरिंग होती है. यह समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता के लिये मुख्य और प्रमुख कारक हो सकता है जिसकी सामुदायिक ट्रिगरिंग के समानान्तर एवं अनुपूरक के रूप में एक महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है. स्कूलों में ट्रिगरिंग से अभिभावक, शिक्षक और विद्यार्थियों में एक सहक्रिया पैदा हो सकती है. छात्र जल्दी सीखते हैं और सक्रिय हो जाते हैं. नई पीढ़ी के रूप में छात्रों को इससे जोड़ना और उन्हें स्वयं स्वच्छता की स्थिति का मूल्यांकन तथा विश्लेषण करने का अवसर प्रदान करना खुले में शौच से मुक्ति की ओर बढ़ने समाज को स्वच्छ बने रहने के लिये एक मजबूत आधार प्रदान करेगा. यह भविष्य के लिये एक बड़ी और महत्वपूर्ण लहर सिद्ध हो सकती है.



### स्कूल में ट्रिगरिंग और फिर गांवों में छात्र, अभिभावक और शिक्षकों के साथ ट्रिगरिंग

ज़ाम्बिया के चोमा ज़िले में अक्टूबर 2007 में यूनिसेफ के कर्मियों के लिये एक व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया. इसमें यूनिसेफ के सहयोगी संगठन और पूर्वी तथा दक्षिणी अफ्रीका के संचालन अधिकारियों एवं सरकारी स्टाफ के द्वारा भी प्रतिभाग किया गया. एक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में ट्रिगरिंग शुरू की गई जिसमें मानचित्रीकरण तथा अन्य साधनों का उपयोग किया गया. तीन गांवों के छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के द्वारा इसमें प्रतिभाग किया गया. छात्रों को पता चला कि खुले में शौच की आदत उनके तीनों गांवों में व्यापक रूप से फैली हुई है. सभी तीनों गांवों में ट्रिगरिंग एक साथ चलायी रखी गई. उस, घर और बच्चों के अन्दर मिल गये. बच्चे, अभिभावक और शिक्षक सभी एक साथ अभियान में जुट गये. बहुत घृणा, हंसी-मजाक और उछल-कूद के बाद बच्चों ने एक जुलूस बना लिया और नारे लगाने लगे. अगले दिन प्रधानाध्यापक ने एक बैठक में घोषणा की कि उनका स्कूल ज़ाम्बिया का पहला स्कूल होगा जहां के हर छात्र के घर में शौचालय होगा और हर छात्र गर्व से खुले में शौच से मुक्त गांव से स्कूल आयेगा.



अध्याय 4

# ट्रिगरिंग के बाद मार्गदर्शिका

ट्रिगरिंग वह समय है जब या तो समुदाय के सदस्य एकजुट होकर खुले में शौच बन्द करने के लिये कार्यवाई करने को तत्पर हो जाते हैं या संशय, विवाद, असहमति या अनिर्णय की स्थिति में होते हैं. ट्रिगरिंग के बाद का चरण बहुत महत्वपूर्ण होता है. सामुदायिक गतिविधियाँ बहुत तेज़ी से बदल सकती हैं और समुदाय को विभिन्न दिशाओं की ओर ले जा सकती हैं. संवेदनशील बाह्य प्रोत्साहन और सहयोग निर्णायक सिद्ध हो सकते हैं.

सुगमकर्ता तथा अन्य लोग जो कि समुदाय की सहायता करने की भूमिका का निर्वहन करने में संलग्न होते हैं उन्हें जो कुछ हो रहा होता है उसके प्रति बहुत सतर्क रहने की आवश्यकता होती है. ठीक समय पर उपयुक्त हस्तक्षेप से बहुत अन्तर पड़ सकता है.

जब प्रशिक्षण कार्यशाला के अंत के रूप में संचालित ट्रिगरिंग के बाद कोई अनुवर्ती कार्यवाई नहीं होती तो कोई परिणाम भी सामने नहीं आता. बिना अनुवर्ती कार्यवाई के ट्रिगरिंग करना खतरनाक बात है. इसलिये पहले से योजना बना लेनी चाहिये और उन व्यक्तियों एवं संस्थाओं के साथ सम्पर्क स्थापित कर लेना चाहिये जिनके द्वारा अनुवर्ती कार्यवाई की जानी प्रस्तावित है.

तरावागुआ, बोलीविया के राष्ट्रीय पर्वत क्षेत्र में एक ग्रामीण महिला मिट्टी, ईंट और पत्थर से बने अपने नव निर्मित शौचालय को गर्व से दिखाती हुई. छायांकन: पेतरा बाइकन, यूनिसेफ, बोलीविया

समुदाय में उभरने वाले नेताओं को पहचानने और उन्हें बढ़ावा देने के लिये सतर्क और तत्पर रहिये. ऐसे लोगों की पहचान करने में समुदाय की मदद कीजिये जो दुर्बल, गरीब, भूमिहीन अथवा ऐसे लोग जो अन्य कारणों से अपने शौचालय नहीं बना सकते, की मदद करने को स्वेच्छा से तैयार हों. इस प्रकार के असमर्थ लोगों में बूढ़े, विधवा, एकाकी महिलाएं, विकलांग, गंभीर रोगों से ग्रसित लोग या अन्य बहिष्कृत हो सकते हैं. एकत्र समुदाय समूह से पूछिये कि वे ऐसे लोगों की समस्याओं का हल किस प्रकार करेंगे. कोई सुझाव मत दीजिये. जिन समुदायों ने सम्पूर्ण स्वच्छता को ठीक से समझ लिया है वहां इस प्रकार की समस्याओं के समाधानों की अपेक्षा की जा सकती है. आवश्यक कदम है दुर्बल और निर्धन लोगों तथा उनकी मदद करने को तैयार बेहतर जीवन स्तर वाले लोगों के बीच एक सम्पर्क सम्बन्ध स्थापित करने में सहायक होना. यह सहायता किसी भी रूप में हो सकती है. गड्ढे खोदने और शौचालय निर्माण के लिये श्रम के रूप में या/और सामग्री, धन या ऋण उपलब्ध कराने के रूप में.

बहुधा खुले में शौच बन्द करने लिये गरीब लोगों में जागा जोश और भावना सहज ही समृद्ध लोगों को उनकी मदद करने के लिये अभिप्रेरित कर देते हैं.

## अभियान में बच्चों को सम्मिलित कीजिये

हर ट्रिगरिंग प्रक्रिया के दौरान बहुत से बच्चे इकट्ठे होते हैं और प्रक्रिया को आनन्द के साथ देखते हैं. कुछ सुगमकर्ताओं को चाहिये कि वे बच्चों को वहां से दूर ले जायें जहां वयस्कों के द्वारा मानचित्रीकरण किया जा रहा है और बच्चों से दूसरी जगह पर अलग से मानचित्रीकरण करायें. इस चरण में ही वे खुले में शौच बन्द करने का निश्चय समझ सकते हैं. उन्हें प्रोत्साहित कीजिये कि वे उपयुक्त नारे विकसित करें जिन्हें वे गांव में एक जुलूस बनाकर जोर से लगाते हुए निकल सकते हैं. वयस्कों को उत्साहित कीजिये वे आकर बच्चों के द्वारा बनाये गये मानचित्र को देखें और बच्चों की प्रतिज्ञाओं को सुनें. यह ट्रिगरिंग के बाद खुले में शौच से पूर्ण रूप से मुक्ति पाने तक तथा अन्य गांवों से भ्रमण पर आने लोगों के समक्ष भी चलता रह सकता है.

- स्कूल और शिक्षक छात्रों के साथ मिल कर बहुत बड़ी भूमिका अदा कर सकते हैं. बच्चों से स्कूलों में पूछा गया कि क्या उन्हें शौचालय उपलब्ध है और क्या वह उसका उपयोग करते हैं. हाथ खड़ा करके बतायें. समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता के अन्तर्गत सीखे गये कुछ गीत बच्चे घर में भी गाते हैं. स्कूलों में व्यावहारिक स्वास्थ्य व्यवहार सिखाया भी जाता है और जुलूस भी निकाला जाता है.

यहाँ स्थानीय नेताओं और समुदायिक सलाहकारों को सीधा प्रशिक्षित करने और समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता को ट्रिगर करने की अपनी ही विशिष्ट शैली होती है. चंद्रपुर ग्रामीण उत्थान, स्थानीय सेवा, हैदरपुर पुलिस, निलफामारी जिला, बांग्लादेश के एक गांव में ट्रिगरिंग करते हुए. समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता के प्रसार और विस्तार की गति इस बात पर निर्भर करती है कि व्यवस्था तथा गैर-सरकारी संस्थाओं के द्वारा स्थानीय नेताओं की क्षमता का विकास कितना किया जाता है और उनका उपयोग किस प्रकार किया जाता है तथा उन्हें किस प्रकार का सहयोग मिल जाता है.





यहाँ समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता की प्रत्येक ट्रिगरिंग में बच्चों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है. जब ठीक से ट्रिगरिंग की जाती है तो अभिभावक और वयस्क बच्चों के द्वारा किये गये निरीक्षण से शर्मिंदा हो जाते हैं. कंबोडिया के एक गांव में बच्चे इन सीटियों को दिखाते हुए जिनको लेकर वे सुबह सवेरे शौच जाते हैं.



कम्बोडिया के प्रान्त के एक गांव में जहां सभी उस युवक ने शौचालय निर्माण सामग्री आपूर्ति का निःशुल्क कार्यक्रम चलाया था, खुले में शौच के विरोध में नारे लगाते हुए बच्चे उस स्थान पर पहुंचे जहां समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता की ट्रिगरिंग वयस्कों के लिये की जा रही थी. शिक्षकगण एवं अभिभावक अपने ही बच्चों को खुले में शौच बन्द करने के लिये समझाते हुए देखकर आश्चर्यचकित और अभिप्रेरित हो गये. उनके विचार एकदम बदल गये. व्यवहार में 'आवश्यकता की' 'चेतना मन में आना' में बदल गई जिसके लिये बच्चे ही उत्प्रेरक सिद्ध हुए.

### बच्चे परिवर्तन का शक्तिशाली माध्यम हैं

उत्तर पश्चिमी बांग्लादेश के जनपदों में बच्चों को "बिच्छू वाहिनी" (बिच्छू सेना) के नाम से जाना जाता था. उन्हें सीटियां दे दी गई थीं और उनका काम था खुले में शौच करने वालों की खोज में रहना. एक युवक ने बताया कि खुले में शौच से मुक्त होने के लिये चलाये जा रहे अभियान के दौरान उसने कम-से-कम 60 बार सीटियां बजाईं. कुछ मामलों में तो बच्चे "गू-झण्डा" लेकर जाते थे. इन झण्डों पर खुले में शौच करने वाले का नाम लिख कर उन्हें स्थान पर लगा दिया जाता था जहां उसके द्वारा शौच की गई थी. इसी प्रकार पश्चिमी सुमात्रा के सिजुंजुंग जिले में बच्चे गड़बड़ी करने वालों की खोज में रहते थे, परन्तु इस मामले में, संगीतमय संस्कृति होने के कारण, समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान के गीत दोषी व्यक्ति को लक्ष्य करके गाते थे.

केन्या के होमा बे में बच्चों ने बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया. उन्होंने अपनी कार्ययोजना बनाई और उसे बड़ों के सामने प्रस्तुत किया.



ऊपर: बोलीविया में लापाजपूसा के पास एक गांव में बच्चे खुले में शौच की जगहों के जमीन पर बने मानचित्र के सामने ... संदूषण के मार्गों का चित्र प्रस्तुत करते हुए.

नीचे: समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता की ट्रिगरिंग में बच्चों की भूमिका बहुत अहम होती है. इथियोपिया के ... के गांव में मानचित्र के विश्लेषण के निष्कर्षों का निरीक्षण करता हुआ समूह

नीचे: हज्जा गवर्नरेट, यमन के एक गांव में खुले में शौच के विरोध में नारे लगाते हुए बच्चों का जुलूस





### बच्चों के अभियान की गतिविधियां, पूर्वी जावा

पूर्वी जावा के लुमाजंग जिले के तुलीरेज गांव के बच्चों ने गांव को खुले में शौच से मुक्त कराने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया. गांव के चार प्राथमिक और एक माध्यमिक स्कूल के छात्र निम्नांकित गतिविधियों में सक्रिय रूप से संलग्न थे:

- खुले में शौच के विरोध में नारे लगाते हुए जुलूस उस समय तक नियमित रूप से निकालते रहे जब तक गांव पूरी तरह से खुले में शौच से मुक्त नहीं हो गया
- गन्दे क्षेत्रों और खुले में शौच की जगहों का पता लगाने के लिये अलग-अलग जगहों और पास पड़ोस में अनुश्रवण भ्रमण
- शौचालयों के प्रकार और स्वच्छता से जुड़ी आदतों से सम्बन्धित सूचनाओं को घर-घर जाकर एकत्र करने के लिये सर्वेक्षण. प्रत्येक छात्र को दस परिवारों से सूचनाएं एकत्र करके रिपोर्ट करने का काम सौंपा गया था.
- जल स्रोतों आदि की जाँच, उदाहरण के लिये पीने के पानी के भण्डारण के लिये इस्तेमाल में लाये जा रहे बर्तनों के प्रकार तथा पीने के पानी के बड़े बर्तनों में मच्छरों के लार्वा तथा अन्य संदूषण की उपस्थिति की जाँच.



## स्वच्छता सम्बन्धी निर्माण सामग्री की उपलब्धता सुलभ बनाना (आगे विपणन शीर्षक भी देखिये)

सुगमकर्ताओं को चाहिये कि वे स्थानीय बाजारों से सम्पर्क-सम्बन्ध स्थापित करने में समुदाय की सहायता करें.

जहाँ समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता की ज्योति किसी भी स्तर पर जला दी गई है ऐसे अधिकतर स्थानों में स्वच्छता सम्बन्धी निर्माण सामग्री की मांग उसकी आपूर्ति से अधिक हो जाती है. कम लागत की निर्माण सामग्री का अभाव प्रगति में रोड़ा अटका सकता है जिससे समुदाय की स्वच्छता सीढ़ी पर चढ़ने की गति धीमी पड़ सकती है. पारम्परिक निर्माण सामग्री बहुधा बहुत मंहगी, नाज़ुक, भारी और मानकीकृत होती है कि चयन की कोई सम्भावना ही नहीं रह जाती. दूरस्थ क्षेत्रों में तो यह उपलब्ध भी नहीं होती. साथ ही सभी लोग सबसे सस्ती सामग्री क्रय करना पसन्द नहीं करेंगे. यह सुनिश्चित कीजिये कि विविध प्रकार की सामग्री उपलब्ध हो जिससे चुनाव करने की संभावना रहे.



ऊपर: कार्ययोजना लिखती हुई बालिका, होमा बे जिला, न्यान्ज़ा प्रान्त, पश्चिम केन्या






बाएँ: बड़ों के सामने कार्य योजना प्रस्तुत करते हुए बच्चे, होमा बे जिला, न्यान्ज़ा प्रान्त, पश्चिम केन्या

ऊपर: मल के ढेर एवं संदूषण मार्ग प्रस्तुत करते हुए बच्चे, ला पाज, बोलीविया. बच्चों की नजर से मल का परिमाण और उसका एक चित्रण



बाएँ: सुलावेसी, पश्चिमी सुमात्रा, इण्डोनेशिया में खुले में शौच के विरोध में सम्बोधन नारा में गीत गाते हुए बच्चे



# अध्याय 5

# प्रसार एवं समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता से आगे

सन् 1999 के उत्तरार्ध में समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता की अभिनव पहल की शुरुआत से अब तक इसका तेजी से प्रसार हुआ है. समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता को कम-से-कम 15 देशों में सफलतापूर्वक शुरू किया गया है. यह मुख्य रूप से इस हस्तपुस्तिका के प्रधान लेखक के द्वारा चलाये गये व्यावहारिक प्रशिक्षणों के माध्यम से सम्भव हो सका है. प्रधान लेखक के द्वारा वर्ष 2000 से 2007 तक 15 देशों में कम-से-कम 65 व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यशालाओं का संचालन क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर किया गया. यह प्रशिक्षण 1400 से अधिक प्रशिक्षकों, कार्यान्वयनकर्ताओं, शासन के पदाधिकारियों, वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, गैर-सरकारी संगठनों और सहायता प्रदान करने वाले संगठनों के स्टाफ और कम-से-कम 50 विभिन्न अभिकरणों के प्रधान कार्यकर्ताओं के लिये संचालित किये गये. यह सब कई राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय विकास संगठनों के सहयोग और अभिनव पहल से सम्भव हो सका है. यह सभी संस्थाएं सक्रिय रूप से इसके प्रसार और प्रचार में सहयोग करती रही हैं जिससे जहां इसे शुरू किया गया वहां फैलाने तथा नये देशों में शुरू करने में मदद मिली.

(अभिकरणों, देशों और प्रशिक्षणों की विस्तृत जानकारी के लिये देखिये – www.livelihoods.org/hot_topics/CLTS.html)

इन प्रशिक्षणों में प्रशिक्षित कई लोगों ने अपने संगठनों के अन्य लोगों को ट्रेनिंग का प्रशिक्षण प्रदान किया है. कम-से-कम भारत, बांग्लादेश, इण्डोनेशिया और पाकिस्तान में प्रशिक्षित लोगों के द्वारा यह प्रशिक्षण अपने संगठन के बाहर अन्य लोगों को भी दिया गया है जिसमें सरकारी कार्मिक भी सम्मिलित हैं. इनमें से कुछ प्रशिक्षण तो बहुत अच्छे रहे हैं. परन्तु काफी प्रशिक्षणों में उच्च गुणवत्ता नहीं बनाये रखी जा सकी है जो कि एक चिंता का विषय है.

नेत्रकोणा बांग्लादेश में समुदाय संचालित पहल की सफलता का उत्सव मनाने के लिये स्कूलों में सौंपा के युवा समूहों के द्वारा आयोजित विशाल सभा और समारोह. अपने क्षेत्र की तरह आन्दोलन की सृजित कार्यशैली के अनुसार और साथ इस प्रकार की सभाओं और उत्सवों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिये आमंत्रित किये जाते हैं. चुने गये कुछ प्रतिनिधियों में से उत्तम कर आगे मीडिया अन्य लोगों को प्रोत्साहित करके समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता के प्रसार और विस्तार में काफी ही महत्वपूर्ण योगदान करते हैं.

**समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता से खाद्य सुरक्षा की ओर**

इथियोपिया के आरबामिन्च के पास स्थित उल्लेताम्बा बोकोल गांव में अक्टूबर 2006 में समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता की ट्रेनिंग की गई. इसके बाद समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता का प्रसार काफी धीमे के आयोजनों के माध्यम से होने लगा जहां जिन परिवारों ने अपने इलाके को स्वच्छ बना लिया था वह दूसरों को सिखाते और बताते कि उन्होंने यह कैसे किया. पहले चार घरों के सदस्यों ने अपने आप शौचालयों के लिये गड्ढे खोदे परन्तु शेष 26 परिवारों के लिये उन्होंने समुदाय द्वारा एकजुट होकर काम करने की देबो नामक पारम्परिक विधि को पुनर्जीवित कर लिया जिसे वे काफी लम्बे समय से भूल गये थे. ट्रेनिंग के कुछ माह बाद ही गांव खुले में शौच से मुक्त घोषित हो गया. उनका एन्सेट बागान "अर्री" (स्थानीय भाषा में अर्री का मतलब मानव मल) से मुक्त हो गया. इस उपलब्धि को पाने पर लोगों को यह समझ में आया कि समूह बना कर काम करने से वे ज्यादा अच्छे परिणाम प्राप्त कर सकते हैं.

सहभागी ग्रामीण/कार्यशाला विश्लेषण के दौरान महिलाओं को समझ में आ गया कि देबो प्रणाली का प्रयोग करके वे गांव में ऋतु विशेष में होने वाली भूख की समस्या को समाप्त कर सकते हैं. उन्होंने अपने एन्सेट बागान के पौधों के लिये खाद इकट्ठा करनी शुरू कर दी. एन्सेट को भोजन के लिये तैयार करना एक समय-साध्य काम है परन्तु देबो का प्रयोग करके वे यह सुनिश्चित कर सकते थे कि खाद्य सामग्री की कमी के समय कोई भी परिवार भूखा न रहने पाये.

उन्होंने पास के एक गांव, आयल शाइले, में समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता की ट्रेनिंग करने का प्रस्ताव भी किया जहां 70 परिवार रहते थे.

उल्लेताम्बा बोकोल के समुदाय के द्वारा यह रिपोर्ट सोलोमन कोबेडे और वोल्फा मैकडोनेल किरड़ोस को इथियोपिया में जुलाई 2007 में आयोजित सहभागी समीक्षा बैठक (आरटीआई) के दौरान दी गई.



नगर में समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता की शुरुआत होने के बाद फाइबर ग्लास पैन, वाटरसील, ... वाले शौचालय के पैन पूरे, भारत के किसी क्षेत्र के ग्रामीणों के द्वारा विकसित और निर्मित किये गये. इस प्रकार के कम लागत पैन (रु. 150-200) के नमूने इथियोपिया और अफ्रीका के अन्य देशों को भेजे जा रहे हैं.







मेक्सा गोरेदा, इथियोपिया के एक समुदाय के द्वारा एक सरल हाथ धोने के अभिनव यंत्र का विकास किया गया. केवल महिलाओं के लिये इसका प्रयोग होते को सरल किया गया जिससे शौच के बाद साबुन से हाथ धोये जा सकें.

## स्थानीय अभियान का बीजारोपण और सहयोग

बहुत अधिक अच्छे परिणाम प्राप्त किये जा सकते हैं यदि समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता अपने आप फैलने वाले अभियान का स्वरूप धारण कर ले या जिसके लिये बाहर से बहुत कम सहयोग की आवश्यकता हो. जिस आदर्श को लक्षित करना चाहिये वह तो यह होगा कि यह समुदाय संचालित प्रसार और विस्तार प्रक्रिया बन जाये. इसके लिये देखिये कि क्या आप स्वाभाविक नेताओं को प्रोत्साहित कर सकते हैं तथा उन्हें सक्षम बना सकते हैं जिससे वे सुगमकर्ता के रूप में आगे आयें और अन्य समुदायों में ट्रेनिंग कर सकें तथा लगातार प्रोत्साहन और सहयोग प्रदान कर सकें.

यहां अवसर है समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता के स्थानीय स्तर पर कम लागत के साथ विस्तार और प्रसार का. जहां दानी अभिकरण, सरकारी विभाग, राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय गैर-सरकारी संगठन अपने स्वच्छता कार्यक्रमों में समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता को एकीकृत कर लेते हैं और स्थानीय सशक्तिकरण के मूल सिद्धान्तों के साथ समझौता नहीं करते हैं, या इसका प्रयोग व्यापक आजीविका योजनाओं या स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लिये एक शुरुआत के रूप में करते हैं उन्हें यह याद रखना चाहिये कि सामुदायिक सहभागिता और सुगमकर्ता सबसे अधिक महत्वपूर्ण संसाधन सिद्ध होंगे.

स्थानीय लोग ही सबसे अच्छे सुगमकर्ता सिद्ध होते हैं जिनके द्वारा प्रत्यक्ष रूप से अपने ही समुदाय में खुद काम करने के अनुभव से समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता को सीखा गया है और जिन्होंने "सिखा" देने की आदत विकसित नहीं की है. बार-बार ऐसे अनुभव सामने आये हैं कि प्रेरित और जोश से भरे स्वाभाविक नेताओं के द्वारा पास के गांवों में जाकर सफलतापूर्वक ट्रेनिंग की गई है. परन्तु यह अनुभव यहीं तक सीमित रह गये.



## खुले में शौच समाप्त करने से खाद्य सुरक्षा तक

बांग्लादेश के नवाबगंज जिले के गरीबतम गांवों में से एक जलगाती, ऋतु विशेष में प्रतिवर्ष आने वाले खाद्य संकट - मोंगा - के प्रकोप से पीड़ित था जिसके लिये यह क्षेत्र कुख्यात है. मोंगा के दौरान गरीबतम परिवार भूख से मरने लगते थे, इसलिये वे अन्यत्र पलायन कर जाते थे या सरकारी खाद्य वितरण की बाट जोहने की कोशिश में जुटे रहते थे. मोंगा से कुछ समय पहले अक्टूबर 2004 में, गांव में समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता की शुरुआत की गई. खुले में शौच से मुक्त होने के उत्साह और आत्मबल के बढ़ने के साथ समुदाय की एकजुटता में भी वृद्धि हो गई. समुदाय के सदस्य एकजुट होकर अपनी समस्याओं का समाधान अपने स्तर से ही कर लेने के प्रति प्रतिबद्ध हो गये. बेहतर स्थिति वाले अब पहले की अपेक्षा अधिक उदार हो गये और गरीबों तथा भूमिहीनों के प्रति उनकी चिंता बढ़ गई तथा वे उन्हें अधिक सहायता और सहयोग देने लगे. 'मान-आलू', एक पारम्परिक फसल जिसे लोग लगभग भूल ही चुके थे, की पहचान की गई और पाया गया कि इससे खाद्य समस्या का हल हो सकता है. सभी परिवारों ने इसे अपने घरों के आसपास और घरों की क्यारियों में उगाने का निर्णय किया. एक सप्ताह के अन्दर ही लगभग सभी परिवारों के द्वारा 4000 से अधिक गड्ढे खोद डाले गये और जन अभियान की तरह मान-आलू के बीज बो दिये गये. भूमिहीन परिवारों ने अपने घरों में 4-5 पौधे लगाये और 8 माह के बाद हर पौधे से उन्हें 3-4 किलो आलू मिला. जिनके पास अपने खेत थे उन्होंने अपने लोबिया और अन्य पौधों की कतारों के बीच की जगहों में गरीबों को मान-आलू बोने दिया. अगली मोंगा ऋतु बिल्कुल भिन्न हो गई और बड़ी मात्रा में मान-आलू की उपज हुई. खूब खाया गया और बाजार में बेचा भी गया. आज 2007 में जलगाती केवल 25 टन से अधिक मान आलू ही उत्पादित नहीं करता बल्कि 10 मीट्रिक टन बीज की आपूर्ति भी अन्य गांवों को करता है और मोंगा का संकट मोटे तौर पर समाप्त हो गया.

प्रथम खुले में शौच से मुक्त होने का श्रेय प्राप्त कर लेने के तुरन्त बाद बांग्लादेश नवाबगंज यूनियन, कालिगंज उपजिले के शितलपुर और कोलारी के समुदायों को समझ में आ गया कि इलाके में बरसात के दौरान बाढ़ से होने वाले नुकसान से बचाव कितना अधिक आवश्यक है. समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता के दौरान तथा इसके बाद मिली सफलता से विकसित हुई एकजुटता की शक्ति को जानते हुए इलाके के सभी लोगों ने मिल कर अपनी खेती पर बाढ़ के प्रभाव को कम करने के लिये स्थानीय ज्ञान का प्रयोग करते हुए ईंटों की दीवार का निर्माण कर लिया. यह विशिष्ट दीवार आत्मनिर्भरता है और अधिक दीवारें भी आवश्यकता के अनुसार बनाई जा सकती हैं. इस दीवार को बनाने में सीमेंट का प्रयोग बिल्कुल नहीं किया गया. आश्चर्यजनक बात यह है कि इस प्रकार की एक किलोमीटर लम्बी दीवार की लागत केवल बांग्लादेश द्वारा बनाई जा रही दीवार की लागत से काफी कम हो सकती है.



ऊपर कालीगंज यूनियन, कालिगंज जिला, बांग्लादेश में सभी खुले में शौच से मुक्त हो गये समुदाय एक साथ जुड़ गये और उन्होंने फसल को सुरक्षित करने के लिये तटबंध का निर्माण किया जिससे उनकी धान की सम्पूर्ण फसल को इलाके में आने वाली बाढ़ की विभीषिका से बचाया जा सके. छायांकन: कमालकार, केन्द्र बांग्लादेश








बाएं और ऊपर बांग्लादेश के नवाबगंज जिले के जलगाती गांव के स्थानीय लोग 'मान आलू' की फसल काट कर दिखाते हुए जिसे उन्होंने बड़ी मात्रा में बोया था जिससे वे हर वर्ष आने वाली 'मोंगा' ऋतु विशेष की भुखमरी और खाद्य असुरक्षा का मुकाबला कर सकें. समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता की पहल में हुई सफलता के कारण ही यह पहल हो सकी. विभिन्न प्रकार के मान आलू जो कि इस क्षेत्र में बहुत अच्छी फसल देते हैं के कारण ही यहां बहुत बड़ा अन्तर आया जहां समुदाय ने सारे गांव से भुखमरी को पूरी तरह समाप्त कर दिया है.





ऊपर और दायें भारत के पश्चिम बंगाल प्रांत में कल्याणी की विख्यात कॉलोनी नगरपालिका के समुदाय की महिलाओं ने निर्णय लिया कि अपनी कॉलोनी के सभी 22 सिंग पानी के चबूतरों को पक्का करा देंगे और चौकोर से परिवर्तित स्थिति का हैंड पम्प जिससे गन्दा पानी, खुले-नाली, और गन्दगी का सफाया होने से पानी के स्रोत के चारों ओर न होने पाये. नगरपालिका के द्वारा उन्हें कुछ ईंट-पत्थर उपलब्ध करा दिये गये और बाकी सभी व्यवस्थाएं उन्होंने स्वयं कीं. यह सब खुले में शौच से मुक्त स्तर पाने के दो माह के भीतर हुआ. यह उनकी पहली कॉलोनी बस्ती थी जिसे खुले में शौच से मुक्त होने का गौरव प्राप्त हुआ. एक वर्ष के अन्दर ही नगरपालिका क्षेत्र की सभी 12 कॉलोनियां खुले में शौच से मुक्त घोषित हो गईं.



[illegible]





# परिशिष्ट

| देश | शुरुआत का वर्ष | सहायता और सहयोग प्रदान करने वाला अधिकरण |
|---|---|---|
| 1. भारत | 2003 | वाटर एण्ड सैनिटेशन प्रोग्राम - साउथ एशिया, महाराष्ट्र, हिमाचल और हरियाणा प्रदेशों की सरकारें |
| 2. कम्बोडिया | 2004 | कन्सर्न वर्ल्डवाइड वह संस्था है जिसने पहली बार कम्बोडिया में समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता की पहल की, ग्राम विकास मंत्रालय, यूनिसेफ और प्लान इन्टरनेशनल इस कार्यविधि के प्रमुख उपयोगकर्ता हैं |
| 3. नेपाल | 2003 | इन्टरनेशनल, नेपाल वाटर फॉर हैल्थ और वाटरएड के द्वारा समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता को नेपाल में पहली बार शुरू किया गया |
| 4. इण्डोनेशिया | 2004 | वाटर एण्ड सैनिटेशन फॉर लो इनकम कम्युनिटीज़ और स्वास्थ्य मंत्रालय इण्डोनेशिया सरकार, वाटर एण्ड सैनिटेशन प्रोग्राम - ईस्ट एशिया एण्ड पैसिफिक रीजन, के द्वारा सबसे पहले 5 क्षेत्रों में प्रायोगिक रूप में इसे संचालित करके पहल की गई. बाद में यह देश के सभी बड़े द्वीपों तक फैल गया. |
| 5. युगाण्डा | 2002 | आईरिश एड द्वारा सहायतित जिला विकास और विकेन्द्रीकरण कार्यक्रम के तहत पहली बार किबाले जिले में शुरुआत की गई. |
| 6. जाम्बिया | 2003 | प्लान और वाटरएड जाम्बिया के द्वारा पहले चोमा जिले में डॉ. कमल कार के द्वारा वाटरएड की समीक्षा के बाद बहुत छोटे पैमाने पर समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता की शुरुआत की गई. बाद में दिसम्बर 2007 में यूनिसेफ और स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता पर राष्ट्रीय कार्यशाला और व्यावहारिक प्रशिक्षण आयोजित किया गया जिसमें सरकारी कर्मियों, गैर-सरकारी संस्थाओं, अन्तराष्ट्रीय गैर-सरकारी संस्थाओं के कर्मियों ने प्रतिभाग किया. इसके बाद समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता को चोमा जिले में भी शुरू किया गया. |
| 7. पाकिस्तान | 2004 | यूनिसेफ और वाटरएड, लोधरां बेस्ड प्रतिष्ठित पंजाब में स्थापित गैर-सरकारी संगठन आईआरएसपी द्वारा पाकिस्तान में समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता की शुरुआत की गई. इसके लिये वाटर एण्ड सैनिटेशन प्रोग्राम, साउथ एशिया से सहायता प्राप्त होती है. आरएसपीएन, एनआरएसपी, एसआरएसपी, टीआरडीपी और खुशहाल पाकिस्तान फण्ड संस्थाओं के द्वारा समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता कार्यविधि का ही प्रयोग किया जाता है. |
| 8. नाइजीरिया | 2004 | चार राज्यों - बेनू, एनुगु, एकिति और जिगावा - में वाटरएड नाइजीरिया द्वारा समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता को प्रयोगात्मक रूप से प्रारम्भ किया गया है. |
| 9. मंगोलिया | 2004 | एशिया डेवलपमेण्ट बैंक सहायतित अर्बन एवम डेवलपमेण्ट प्रोजेक्ट और समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता कार्य विधि का परीक्षण जीटीजेड द्वारा सहायतित ऐक्स कम्प्रीहेन्सिव एण्ड डेवलपमेण्ट प्रोजेक्ट के अन्तर्गत गांवों में किया गया. |
| 10. चीन | 2005 | प्लान चाइना द्वारा शान्शी प्रान्त में शुरू किया गया. |
| 11. इथियोपिया | 2006 | वोरा (जो पूर्व में विस्मुली द्वारा इन्टरनेशनल था) द्वारा आयरिश एड के सहयोग से अम्हारिया में शुरू किया. प्लान इथियोपिया भी समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता के प्रमुख कार्यान्वयनकर्ताओं में से एक है. |
| 12. यमन | 2006 | सोशियल फण्ड फॉर डेवलपमेण्ट तथा यमन सरकार के ग्राम विकास मंत्रालय के द्वारा एक जिले में 2007 में प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण के माध्यम से समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता की शुरुआत की गई. इस प्रशिक्षण को सोशियल डेवलपमेण्ट फण्ड तथा कुछ अन्य राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय गैर-सरकारी संस्थाओं के सुगमकर्ताओं द्वारा संचालित किया गया. |
| 13. बोलीविया | 2006 | यूनिसेफ, प्लान बोलीविया, डब्लूएसपी-एलएसी ने समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता की बोलीविया में शुरुआत की. प्लान, तंजानिया, एक क्षेत्रीय व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन प्लान रेसा द्वारा अफ्रीका के 8 प्लान देशों के स्टाफ के लिये किया गया. |
| 14. तंजानिया | 2007 | एक क्षेत्रीय व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन प्लान रेसा द्वारा पूर्वी और दक्षिणी अफ्रीका के 8 प्लान देशों के स्टाफ के लिये तंजानिया में फरवरी 2007 में किया. |
| 15. केन्या | 2007 | मई 2007 में, तंजानिया और इथियोपिया में आयोजित समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता पर व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रतिभाग करने के बाद प्लान केन्या ने समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता को प्रयोगात्मक रूप से तीन विकास क्षेत्रों में शुरू करने का निर्णय लिया. |
| 16. मालावी | 2007 | तंजानिया और इथियोपिया में डॉ. कमल कार द्वारा समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता पर संचालित व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यशालाओं में प्रतिभाग करने के बाद प्लान मालावी के स्टाफ द्वारा इस कार्यविधि को प्रयोगात्मक रूप से शुरू किया गया. |
| 17. बुर्कीना फासो, घाना और माली | 2007/8 | नाइजीरिया में प्रयोगात्मक रूप से शुरू करने के बाद सहायता प्रदान करने वाले अधिकरण वाटरएड द्वारा अपने पश्चिमी अफ्रीका कार्यक्रम के तहत तीन अन्य राज्यों, बुर्कीना फासो, घाना और माली में समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता का प्रसार करने का निर्णय लिया गया है. इन देशों में यह प्रक्रिया अभी शुरुआती दौर में है. |
| 18. पूर्वी तिमोर | 2007 | वाटरएड आस्ट्रेलिया और प्लान ईस्ट तिमोर समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता का क्रियान्वयन करने के शुरुआती दौर में हैं. |
| 19. सियेरा लियोन | 2008 | यूनिसेफ सियेरा लियोन, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्रालय, प्लान यू.के. और प्लान सियेरा लियोन के द्वारा डॉ. कमल कार के सहयोग और मार्गदर्शन में एक शृंखलाबद्ध व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यशालाओं की व्यवस्था की गई. कार्यशाला के प्रतिभागियों के द्वारा 34 गांवों में समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता की ट्रिगरिंग की गई. |

## परिशिष्ट ख: समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता का प्रसार और विस्तार - एक खुला पत्र

प्रिय सहयोगी,

हाल के वर्षों में लोगों को यह स्पष्ट हो गया है कि शौचालय निर्माण के लिये परिवारों को सब्सिडी के रूप में दी जाने वाली आर्थिक सहायता की व्यवस्था समुदायों के द्वारा एकजुट होकर अपने व्यवहार में परिवर्तन के प्रयास के आड़े आती है. यह समझ तेजी से फैल रही है. इसके कारण जहां एक ओर चुनौतियां सामने आती हैं वहीं दूसरी ओर अवसर भी प्रस्तुत होते हैं. समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता का विस्तार बढ़ती गति से प्रसार और विस्तार हो रहा है. साथ ही लोगों को यह भी तेजी से स्पष्ट होता जा रहा है कि इसे सफल बनाने के लिये क्या करना चाहिये. यह सब बहुत ही उत्साहवर्द्धक है. हम आशा करते हैं कि गरीबी उन्मूलन, जन कल्याण, तथा अन्य सामुदायिक एकजुटता आधारित कार्य-योजनाओं के कार्यान्वयन के संदर्भ में इसका पूरा लाभ समाज को मिल सकेगा.

हम यह पत्र इसीलिये लिख रहे हैं कि हमारा विश्वास है कि इसकी संभावनाओं का लाभ तभी मिल पायेगा जब समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता के व्यापक प्रसार और विस्तार के साथ गुणवत्ता को भी बनाये रखा जाये. हम यह सब व्यक्तिगत रूप से अपनी ओर से लिख रहे हैं और जो कुछ आगे प्रस्तुत कर रहे हैं वह हमारे निजी अनुभवों तथा वर्तमान समझ पर आधारित है.

1990 के दशक में अनुदान, ऋण उपलब्ध कराने वाली संस्थाओं और सरकारों के द्वारा सहभागी ग्राम्य अध्ययन (पी.आर.ए.) के त्वरित प्रसार और विस्तार को प्रोत्साहित किया गया. इस दबाव के कारण कार्यक्रमों की गुणवत्ता पर बहुत प्रतिकूल प्रभाव पड़ा. अच्छे सहभागी ग्राम्य अध्ययन के लिये अपेक्षित व्यवहार, अभिवृत्ति और कार्यविधि को अपनाये बिना सहभागी ग्राम्य अध्ययन नाम का प्रयोग बहुत से स्थानों पर किया गया. प्रशिक्षणों की मांग बढ़ गई परन्तु प्रशिक्षणों की संख्या के संदर्भ में अपेक्षित अच्छे प्रशिक्षक उपलब्ध नहीं थे. इस कमी को मुख्य रूप से उन परामर्शदाताओं, गैर-सरकारी संगठनों और समूहों ने पूरा किया गया जो कि इस कार्य के लिये सक्षम नहीं थे और इस कारण उन्होंने नुकसान ही किया. हमारी चिंता यही है कि ऐसा ही समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता के साथ न होने पाये. दुर्भाग्य से इस प्रकार के संकेत हैं कि ऐसा होने लग चुका है. यह हमारा सुविचारित मत है कि इसे रोकने के लिये तथा गुणवत्ता को बढ़ाने तथा बनाये रखने के लिये तीन निर्णायक बातों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होगी. निधियों के वितरण पर अंकुश और सावधानी से नजर रखना, समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता के लिये अच्छा व्यावहारिक और ग्राम भ्रमण आधारित प्रशिक्षण, और ट्रिगरिंग के बाद उपयोगी अनुवर्ती भ्रमण तथा संबंधित गतिविधियां.

**निधियों के वितरण पर अंकुश और सावधानी से नजर रखना.** हम अनुदानदाताओं, ऋणदाताओं और सरकारों से अनुरोध करते हैं कि बड़े बजट, बड़े लक्ष्य और धन वितरण करने के दबाव वाले कार्यक्रमों से बचें तथा इसके स्थान पर प्रसार और विस्तार संयत और सुविचार तरीके से करने के लिये सहयोग करें. अच्छे प्रशिक्षण, सर्वांगीण और प्रतिबद्ध स्टाफ, और स्थानीय स्वाभाविक नेताओं के विकास और उन्हें सहयोग देने पर ध्यान संकेन्द्रित करें. गैर-सरकारी संगठनों तक ढेर सारा पैसा बहुत तेजी से पहुंचाने के कारण पहले ही बहुत नुकसान हो चुका है. पर्याप्त आर्थिक सहायता की आवश्यकता तो है परन्तु बहुत अधिक बड़ी निधि की नहीं.

**व्यावहारिक ग्राम भ्रमण आधारित प्रशिक्षण.** अच्छे प्रशिक्षकों की पहचान करना ही मूल मंत्र है. और अब उनको इस प्रकार सहयोग करना है कि वे पूर्णकालिक रूप से सभी प्रशिक्षणों में भागीदारी करें तथा प्रशिक्षणों को व्यावहारिक और ग्राम भ्रमण आधारित बनायें. कुछ बहुत अच्छे लोग तो अन्य कार्यों में फंसे हुए हैं. जब भी सम्भव हो उन्हें पूर्णकालिक प्रशिक्षक के रूप में समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान में सूत्रधारों की भूमिका में योगदान करने के लिये मनाने का प्रयास कीजिये. कुछ स्थानों में तेजी से प्रसार और विस्तार के कारण प्रशिक्षणों की गुणवत्ता में कमी आने लगी है. यह बहुत आवश्यक है कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता का नियमित रूप से अनुश्रवण किया जाये और किसी भी ऐसे संगठन या व्यक्ति को नियुक्त न किया जाये जिसके पास आवश्यक तथा उपयुक्त अनुभव, अभिवृत्ति और व्यवहार का अभाव हो.

**अनुवर्ती भ्रमण और गतिविधियां.** ट्रिगरिंग को कभी भी अपने आप में एक पूर्ण घटना नहीं समझा जाना चाहिये वरन् इसे एक सतत प्रक्रिया की शुरुआत मात्र ही समझा जाना चाहिये. यह उस सतत प्रक्रिया की शुरुआत है जिसमें समुदाय को प्रोत्साहन और सहयोग प्रदान किया जाता है जिससे समुदाय कुछ समय में खुले में शौच से पूर्ण रूप से मुक्त हो जाता है. साथ ही समुदाय का सशक्तिकरण भी हो जाता है और समुदाय एकजुट होकर अपने समाज के लिये और भी बहुत कुछ करने के लिये प्रेरित हो जाते हैं.

समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता के इतिहास में यह एक कठिन समय है. यदि सभी सम्बन्धित उपर्युक्त तीनों बातों का पूरा ध्यान रखेंगे तथा तदनुसार कार्यवाही करेंगे तो भविष्य वास्तव उज्ज्वल ही होगा. और यदि ऐसा नहीं करते तो ग्रामीण लोगों को लाभान्वित करने का एक बहुत बड़ा अवसर दुखद रूप से हाथ से निकल जायेगा. जो भी महत्वपूर्ण समाज और घटनाओं को प्रभावित करते हैं उनसे हमारा अनुरोध है कि वे ऐसा न होने दें.

कृपया इस पत्र को व्यापक रूप से परिचालित करने का कष्ट करें. आप इसके लिये स्वतंत्र हैं.

भवदीय


| | |
|---|---|
| **कमल कार** | **रॉबर्ट चैम्बर्स** |
| आर 109, दि रेसीडेन्सी | फेलो, पार्टीसिपेशन टीम, |
| सिटी सेन्टर, साल्ट लेक | इंस्टिट्यूट ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज |
| कोलकाता - 700064, भारत | ससेक्स, यू.के. |


**30 नवम्बर - 1 दिसम्बर, 2007 को ओइटा, जापान में आयोजित ईस्ट एशिया सैनिटेशन कांफ्रेन्स तथा 18-20 फरवरी, 2008 को डरबन, दक्षिण अफ्रीका में आयोजित अफ्रीकासैन में वितरित किया गया.**

## परिशिष्ट च: स्रोत और सम्पर्क सूत्र, वेबसाइट, वीडियो, चर्चा फोरम इत्यादि सहित

**Key Publications**

- Community-Led Total Sanitation as a Livelihoods Entry Point – A Brief Introduction, Katherine Pasteur, IDS, Sept 2005 http://www.livelihoods.org/hot_topics/CLTS.html
- Practical Guide to Triggering Community-Led Total Sanitation CLTS) Kamal Kar, November 2005 http://www.ids.ac.uk/ids/bookshop/wp/Wp257% 20pg.pdf (Also available in Chinese, Arabic, French and Spanish)
- Subsidy or self-respect? Community led total sanitation. An update on recent developments (Including reprint of IDS Working Paper 184) IDS Working Paper 257 Kamal Kar and Katherine Pasteur, 2005. http://www.livelihoods.org/hot_topics/CLTS.html
- Latest Update to Subsidy or Self Respect, Kamal Kar and Petra Bongartz, April 2006. Update to IDS Working aper 257 http://www.livelihoods.org/hot _topics/docs/CLTS_update06.pdf
- Favourable/Unfavourable conditions for CLTS: proposes that triggering and the achievement of ODF status are more likely to succeed in some conditions than in others. Starting in favourable conditions and spreading into less favourable is a commonsense strategy. http://www.livelihoods.org/post/CLTS_po stit.htm

All of these and many other documents are available from the Livelihoods Connect website
Livelihoods Connect hosts a hot topic on CLTS, a mini-website, which contains a wealth of useful materials on Community Led Total Sanitation (CLTS) and how it can serve as an entry point for other livelihoods activities:
http://www.livelihoods.org/hot_topics/CLTS.html

For any enquiries or if you would like to be added to our **CLTS mailing list** so that you will receive updates on new materials available on the website as well as other CLTS related news, please contact Petra Bongartz (P.Bongartz@ids.ac.uk)

**Videos**

**UNICEF Cambodia**
- CLTS (Khmer version) Contact Hilda Winarta hwinarta@unicef.org

**Knowledge Links India (19-29 minutes)**
- No shit Please! (English)
- Ek Behtar Duniya Ke Liye (Hindi)
- Understanding CLTS with Kamal Kar (Hindi with English subtitles)
- People and their Voices (Hindi with English subtitles) Contact Knowledge Links contact.knowledge.links@gmail.com

**Project Concern International, Indonesia**
CLTS contact: Sofihin Abas abu_goswami@yahoo.com

**TVE**
Earth Report: Clean Living
broadcast on BBC World in March 2008
See http://www.tve.org/earthreport/archive/doc.cfm?aid=1889 for more detail
For Tape or DVD orders – contact Dina Junkermann, TVE distribution manager: tel. +44 20 7901 8834; email: dina.junkermann@tve.org.uk

**WSP/WASPOLA, Indonesia**
Contact PAK Djoko of GATES project at WSP, Jakarta,
dwartono@worldbank.org
Awakening Change

**WSP-South Asia, 55, Lodhi Estate, New Delhi, 100003, India.**
Contact: Ajith Kumar, Ckumar1@worldbank.org

**WSP Bangladesh**
- Igniting Change.
Contact: WSP-South Asia, Dhaka, Bangladesh;

**UNICEF Sierra Leone, Freetown**
'Community Led Total Sanitation in Beautiful Salone'
Contact: Francesca De Ferrari, fdeferrari@unicef.org, Darren Geist, dgeist@unicef.org

**Countries with CLTS and organisations involved in implementation/trials of CLTS**

**Africa**
**Burkina Faso:** WaterAid
**Egypt:** Plan Egypt applying CLTS Principles in solid waste management
**Ethiopia:** Vita, (formerly Refugee Trust International) implementing CLTS in Arbaminch area, WSP, Plan Ethiopia
**Ghana:** WaterAid
**Kenya:** Plan Kenya, UNICEF
**Mali:** WaterAid
**Nigeria:** WaterAid
**Sierra Leone:** UNICEF, Ministry of Health, Education, Water Supply Energy and Power and Plan Sierra Leone
**Tanzania:** Plan Tanzania,
**Uganda:** Plan Uganda, Kibale District Administration supported by Irish Aid
**Zambia:** UNICEF, Choma district, DWASHE, Partner NGO of WaterAid Zambia,


**Asia**
**Bangladesh:** SDU-CARE, Bangladesh, Dishari, Plan, WaterAid and their NGO partners like, VERC, NGO Forum for Drinking Water Supply and Sanitation, Dhaka Ahsania Mission, World Vision, WSP-South Asia
**Cambodia:** Ministry of Rural Development, Royal Government of Cambodia implementing CLTS in six provinces, UNICEF, Plan, Cambodia, Swiss Red Cross.
**India:** Government of India (State Governments of Maharashtra, Haryana, Himachal Pradesh, only Urban CLTS in Kalyani Municipality under Kolkata Urban Services for the Poor (KUSP) in West Bengal), WSP-South Asia.
**Indonesia:** Government of Indonesia, WSLIC II (AusAid), Project Concern International, WSP-East Asia and Pacific Region, Jakarta, Gates Foundation supported TSSM project in East Java Province.
**East Timor:** Plan and WaterAid Australia have recently started implementing CLTS.
**Nepal:** WaterAid, Plan Nepal, UNICEF, NEWAH, and Nepal Red Cross.
**Pakistan:** IRSP, Rural Support Programme Network, (RSPN Pakistan Khushal Pakistan Fund (KPF)) WSP, SARAWON International.

**Latin America**
**Bolivia:** UNICEF, WSP, Plan Bolivia.

**Middle East**
**Yemen:** Yemeni Social Fund for Development (SFD-Yemen).



## स्थानीय अनुकूलन और विकसित अभिनव मॉडल: एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के देशों में समुदायों द्वारा निर्मित शौचालयों के मॉडलों की विविधता





[illegible]





[illegible]


[illegible]







ऊपर और नीचे कम्बोडिया के विभिन्न रोग के आवासन की गांवों में समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता को ट्रिगरिंग के तुरन्त बाद एक गड्ढे को सूखे शौचालय का पूरा निकास करने वाले उत्साहित लोग जो कि अपने क्षेत्र में बहुत लोकप्रिय हो गये.



ऊपर कम्बोडिया के कम्पोंग स्पू प्रांत के गांवों में नव निर्मित शौचालयों के सामने घरों के नये मालिक और समुदाय का स्वागत कीजिये





ऊपर महाराष्ट्र, भारत में ट्रिगरिंग के बाद पहली बार निर्मित शौचालयों में लकड़ी के तख्तों का प्रयोग



ऊपर उत्तरी बंगाल में सिर्फ बाँस और प्लास्टिक का उपयोग, अलीपुरद्वार समुदाय और पूर्ण रूप से ODF, सिलीगुड़ी कोलोनी, जलपाईगुड़ी, पश्चिम बंगाल



ऊपर शौचालय का उठा हुआ चबूतरा जिससे वर्षा ऋतु में बाढ़ का पानी शौचालय में न भरने पाये, इण्डोनेशिया





ऊपर और बायें महाराष्ट्र, भारत के एक स्थानीय समुदाय के द्वारा पहले लोगों के घर से निकलने वाले गंदे पानी को सोखने के लिये यह एक अभिनव तरीका ईजाद किया जिसमें एक सोकपिट गड्ढे में बोल्डर पत्थर भर कर उसे जमीन में गड्ढा बनाकर गाड़ दिया जाता है। इससे यह सड़क साफ और सूखी रहने लगी जो कि पहले कीचड़ और गन्दगी से भरी रहती थी।








## आपकी टिप्पणियाँ!

## लेखक परिचय



**डॉ. कमल कार** पशुधन उत्पादन, कृषि और प्राकृतिक संसाधन विशेषज्ञ हैं जिनकी विशेष अभिरुचि सामाजिक और सहभागी विकास में है. आपने दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका में स्वतंत्र परामर्शदाता के रूप में द्विपक्षीय, बहुपक्षीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय अभिकरणों के लिये काम किया है जिनमें विश्व बैंक, वाटर एण्ड सैनिटेशन प्रोग्राम, एशियन विकास बैंक, डीएफआईडी, यूनिसेफ, यूएनडीपी, आयरलैण्ड एड, डीएनीडा, सम्मिलित हैं और कई गैर-सरकारी संगठन जिनमें केयर, प्लान इन्टरनेशनल, और वाटरएड सम्मिलित हैं. डॉ. कमल कार ने प्राकृतिक संसाधन प्रबन्धन के क्षेत्र में पथप्रदर्शक के रूप में कई अभिनव कार्यविधियों, दृष्टिकोणों एवं कार्यशैलियों तथा कृषि के लिये कम लागत की उपयुक्त प्रौद्योगिकी का विकास किया है. मंगोलिया के गोबी क्षेत्र में चरागाही और प्राकृतिक संसाधनों (खुखुलुख) के सामुदायिक एकजुटता से प्रबन्धन तथा बांग्लादेश, भारत, पाकिस्तान, इण्डोनेशिया, कम्बोडिया, नेपाल, इथियोपिया, केन्या, जाम्बिया, युगान्डा और तंजानिया में समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता के अभियानों में आप एक अग्रणी मार्गदर्शक के रूप में पथप्रदर्शन करते रहे हैं. आपके अन्य कार्यक्षेत्रों में भारत, मंगोलिया, बांग्लादेश और कम्बोडिया में शहरी गरीबी, मलिन बस्ती सुधार, और स्थानीय शासन सम्मिलित हैं. डॉ. कमल कार आईडीएस, यूनिवर्सिटी ऑफ ससेक्स की नॉलेज, टेक्नोलॉजी एण्ड सोसाइटी टीम के विजिटिंग फैलो हैं. आप इन्टरनेशनल फैडरेशन फॉर वीमेन इन एग्रीकल्चर (नई दिल्ली) के संस्थापक सदस्य भी हैं.



**प्रोफेसर रॉबर्ट चैम्बर्स** इंस्टिट्यूट ऑफ डेवलपमेन्ट स्टडीज, यूनिवर्सिटी ऑफ ससेक्स, यूके के रिसर्च एसोसिएट हैं जहां आप सहभागिता टीम के सदस्य हैं. आपकी पृष्ठभूमि प्राकृतिक विज्ञान, इतिहास और लोक प्रशासन है. आपके विकास के क्षेत्र में मुख्य अनुभव पूर्वी अफ्रीका और दक्षिण एशिया में स्थानीय प्रशासन, प्रशिक्षण और शोध से सम्बन्धित रहे हैं. आपकी पुस्तकों में मैनेजिंग रूरल डेवलपमेन्ट (1974), रूरल डेवलपमेन्ट: पुटिंग दि लास्ट फर्स्ट (1983), चैलेंजिंग दि प्रोफेशन्स (1993), हूज़ रियेलिटी काउन्ट्स: पुटिंग दि फर्स्ट लास्ट (1997), पार्टिसिपेटरी वर्कशॉप्स (2002) और आइडियाज़ फॉर डेवलपमेन्ट (2005) सम्मिलित हैं. आपके वर्तमान कार्यों और अभिरुचि में सहभागी विधियां, प्रोफेशनलिज़्म एण्ड पर्सेप्शन ऑफ पॉवर्टी तथा पावर एण्ड रिलेशनशिप्स सम्मिलित हैं. लैला मेहता के नेतृत्व में आईडीएस की टीम के आप सदस्य हैं. इस टीम के साथ आप समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता पर अपने सहयोगियों के साथ शोध, कार्य अनुभव से सीखना, तथा नेटवर्किंग के कार्यों में संलग्न हैं.

*यह हस्तपुस्तिका WSSCC की आर्थिक सहयोग से मुद्रित हुई है*


वाटर सप्लाई एण्ड सैनिटेशन कोलाबोरेटिव काउंसिल
**9 शेमिन दि आनिमो**
**1219 जेनेवा**
स्विट्ज़रलैंड
फोन : **+41 22 917 8673**
फैक्स : **+41 22 917 8084**
ई-मेल :**vandervoordenc@who.int**
**www.wsscc.org**

प्लान यूके
5-6 अण्डरहिल स्ट्रीट
लंदन, एनडब्ल्यू1 7एचएस, यूके
फोन: +44 (0) 20 7482 9777
फैक्स: +44 (0) 20 7482 9778
ई-मेल: mail@plan-international.org
www.plan.uk.org



पंजीकृत चैरिटी संख्या 276035

ISBN 978.0.9550479.5.4



इंस्टिट्यूट ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज
यूनिवर्सिटी ऑफ ससेक्स
ब्राइटन, बीएन1 9आरई, यूके
ids@ids.ac.uk
फोन: +44 (0) 1273 606261,
फैक्स: +44 (0) 1273 621202/691647

इलेक्ट्रिकल पाठ्यक्रम संचालित सम्पूर्ण व्यवस्था

कमल कार एवं पैकेज के साथ